Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 31 | रविवार , 01 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## इनकम टैक्स में नहीं मिलेगी राहत, चुनावी राज्यों के लिए हो सकती हैं घोषणाएं

# आज पेश होगा देश का बजट

नई दिल्ली।

वैश्विक चुनौतियों के बीच रविवार को पेश होने वाले बजट में सरकार का जोर मैन्यूफैक्चरिंग और घरेलू मांग को बढ़ाने पर हो सकता है। विकास दर बढ़ाने के लिए यह उपाय सबसे कारगर दिख रहे हैं। मैन्यूफैक्चरिंग बढ़ाने से आयात में भी कमी आएगी और निर्यात बढ़ाने का भी मौका मिलेगा। हालांकि वर्तमान वैश्विक हालात में आगामी वित्त वर्ष में निर्यात बढ़ाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण लग रहा है। आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सुबह 11 बजे लोकसभा में अपना नौवां बजट करेंगी जिसमें शहरी सुविधा और स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने से जुड़े उपायों की भी घोषणा हो सकती है। स्थानीय निकायों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्यों को उनके राजस्व मॉडल का सुझाव दिया जा सकता है। किसानों की उत्पादकता बढ़ाने व उन्हें व्यावसायिक फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर वित्त मंत्री घोषणा कर सकती है। रोजगार निकलते हैं और उत्पादन लागत में कमी आती है। रोजगार निकलने पर मांग बढ़ती है। सेमीकंडक्टर,




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे नवीनतम सेक्टर के उद्योग की बजट में अनदेखी नहीं की जा सकती है। एक बार फिर से अनुसंधान व विकास के लिए इन सबके अलावा पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु जैसे राज्यों में इस साल चुनाव भी है और पिछले साल बिहार की तरह इन राज्यों के लिए भी बजट में कोई न कोई सौगात हो सकती है। आगामी वित्त वर्ष में सरकार अपने पुराने वादे के हिसाब से फिस्कल डिफसिट को चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 4.4 प्रतिशत के लक्ष्य से और कम करना चाहेगी।

### इनकम टैक्स में राहत नहीं

इनकम टैक्स और जीएसटी में राहत देने के कारण चालू वित्त वर्ष 2025-26 में टैक्स से मिलने वाले राजस्व की बढ़ोतरी दर पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कम है, इसलिए सरकार की तरफ से इस साल इनकम टैक्स में किसी भी प्रकार की राहत देने की संभावना काफी कम है। सरकार खाद्य, खाद व मनरेगा के मद में दी जाने वाली लगभग 4.5 लाख करोड़ की सब्सिडी भी जारी रखेगी। इसलिए राजस्व जुटाने के लिए सरकार संपदा के मौद्रीकरण व विनिवेश के मोर्चे पर भी बजट में घोषणाएं कर सकती है। राज्यों में सुधार के लिए रोडमैप लाए जा सकते हैं और उनके सुधार को इंसेटिव से जोड़ा जा सकता है। किफायती आवास के निर्माण एवं उनकी खरीदारी को आसान बनाने के लिए भी बजट में घोषणाएं संभावित है। आगामी वित्त वर्ष के बजट में पिछले चार-पांच बजट की तरह पूंजीगत खर्च के मद में आवंटन में बढ़ोतरी देखी जा सकती है। इंफ्रस्ट्रक्चर के विकास के लिए पूंजीगत खर्च का आवंटन किया जाता है। इससे कई लाभ होते हैं।

## बारिश और बर्फीली हवाओं से ठिठुरा दिल्ली-एनसीआर



नई दिल्ली।

दिल्ली-एनसीआर के लोगों की रविवार सुबह बारिश और ठंडी हवाओं के साथ हुई। शहर के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग (कटऊ) ने राष्ट्रीय राजधानी के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए गरज-चमक, बिजली गिरने, तेज हवाएं और घने कोहरे की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम था। शुक्रवार को यह 7.7 डिग्री सेल्सियस रहा था। आईएमडी के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय एक और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के कारण यह बारिश हुई है। जनवरी महीने में दिल्ली ने ऐसे कई सिस्टम का असर झेला है। सफदरजंग वेधशाला में अब तक जनवरी में 25.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो इस महीने के दीर्घकालिक औसत 18.4 मिमी से लगभग 38 प्रतिशत अधिक है। लगातार बादल छाए रहने के कारण रात के तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है।

आईएमडी के अनुसार, रविवार को न्यूनतम तापमान 10-12 डिग्री सेल्सियस और सोमवार को 11-13 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

## तंबाकू उत्पादों पर आज से लागू होगा अतिरिक्त उत्पाद शुल्क

नई दिल्ली।



तंबाकू उत्पादों और सिगरेट पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर आज से लागू हो जाएगा। यह अतिरिक्त शुल्क या स्वास्थ्य उपकर 40 प्रतिशत के उच्चतम जीएसटी से अतिरिक्त होगा। यह उपकर मौजूदा 28 प्रतिशत जीएसटी और मुआवजा उपकर का स्थान लेगा, एक जुलाई, 2017 से लागू था। एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों के लिए एक नया अधिकतम खुदरा मूल्य यानी एमआरपी आधारित मूल्यांकन तंत्र पेश किया जाएगा, जिसके तहत घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर पैकेज पर जीएसटी निर्धारित किया जाएगा। पान मसाला निमार्ताओं को स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नए पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा।

## बांग्लादेश में दो महीने में 17 हिंदुओं की हत्या, मंदिरों को भी नहीं बख्शा

नई दिल्ली।

मानवाधिकार संस्था 'राइट्स एंड रिस्क एनालिसिस ग्रुप' ने शनिवार को बांग्लादेश में च्हदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा पर एक गंभीर रिपोर्ट जारी की है। संस्था का दावा है कि एक दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच लक्षित हिंसा में कम से कम 17 च्हदुओं की हत्या कर दी गई है और 16 घरों एवं मंदिरों को आग के हवाले कर दिया गया है। चुनावी हिंसा की



आड़ में निशाना संस्था की रिपोर्ट के अनुसार, कट्टरपंथी समूहों द्वारा चुनावी हिंसा के नाम पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह में ही आगजनी की सात घटनाएं सामने आई हैं। प्रभावित क्षेत्रों में मुख्य रूप से चटगांव का मीर सराय और रावजान, फिरोजपुर और सिलहट शामिल हैं। संस्था के निदेशक सुहास चकमा ने हिंसा के खौफनाक तरीके का खुलासा करते हुए बताया कि हमलावर अक्सर हिंदू और बौद्ध घरों को बाहर से बंद कर देते हैं और फिर उनमें आग लगा देते हैं, ताकि भीतर मौजूद लोग जिंदा जल जाएं। चटगांव क्षेत्र में ऐसी घटनाएं सबसे अधिक देखी गई हैं।

## सिंघम डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई गोलीबारी, इलाके में मचा हडकंप



मुंबई।

फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर कल देर रात फायरिंग आवाज सुनाई दी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मुंबई के पश्चिमी उपनगर जुहू स्थित फिल्म निमार्ता रोहित शेट्टी के आवास के बाहर अज्ञात लोगों ने गोलीबारी की। एक अधिकारी ने बताया कि घटना तड़के हुई, जिसके बाद भवन के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। अधिकारी ने कहा कि किसी ने भवन पर गोली चलाई। क्षेत्रीय पुलिस और अपराध शाखा की टीमें जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि यह तुरंत पता नहीं चल पाया है कि घटना के समय फिल्म निमार्ता अपने आवास पर मौजूद थे या नहीं।

### पुलिस जांच में जुटी

अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, अज्ञात लोगों ने भवन पर चार राउंड गोलियां चलाईं, लेकिन किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि जुहू पुलिस और अपराध शाखा की टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू कर दी। उन्होंने आगे बताया कि भवन के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक विज्ञान टीम भी मौके पर पहुंच गई है।

## गाजा शांति योजना का भारत ने किया स्वागत

# पीएम मोदी से मिलीं फलस्तीन की विदेश मंत्री

नई दिल्ली।

फलस्तीन की विदेश मंत्री वर्सेन अघाबेकियन शाहीन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात दूसरी भारत-अरब लीग के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद हुई। शाहीन से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने फलस्तीनी लोगों के प्रति भारत का निरंतर समर्थन दोहराया और गाजा शांति योजना सहित क्षेत्रीय शांति प्रयासों का स्वागत किया। भारत फलस्तीन का बेहद पुराना साझेदार है। भारत ने अब तक फलस्तीन को कुल 17 करोड़ डॉलर की विकास सहायता प्रदान की है। इनमें से चार करोड़ डॉलर की परियोजनाओं का विभिन्न चरणों में क्रियान्वयन हो रहा है। यह सहायता द्विपक्षीय रूप से और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के माध्यम से दी गई है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा और मानवीय सहायता जैसे क्षेत्र शामिल हैं। पीएम



मोदी ने एक्स पर लिखे एक पोस्ट में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के प्रयासों में अरब लीग द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया। फलस्तीनी विदेश मंत्री ने भारत की ऐतिहासिक एकजुटता और विकास सहयोग की सराहना की तथा प्रधानमंत्री मोदी को फलस्तीन की आधिकारिक यात्रा के लिए आमंत्रित किया, ताकि दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत किया जा सके। यह मुलाकात पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण स्थिति के बीच हुई है, जहां गाजा में शांति योजना लागू करने के प्रयास जारी हैं। भारत ने हमेशा फलस्तीनी जनता के हितों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है।

## तमिलनाडु की राजनीति में कितना असर डालेगी एक्टर विजय की एंट्री

नई दिल्ली।

तमिलनाडु में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में राज्य में सियासी हलचल तेज होने लगी है। बीजेपी ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को तमिलनाडु में चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, पीयूष गोयल ने अभिनेता से नेता बने विजय पर निशाना साधा है। एक्टर विजय के बारे में बात करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि उनकी एंट्री का विधानसभा चुनाव पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री के शब्दों में, ?हमने देखा है कि कई फिल्मी सितारे सत्ता के



गलियारों में आए और चले गए। समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा, ?मुझे नहीं पता कि चुनाव पर वो कितना असर डाल सकेंगे। हमने पहले भी देखा है कि बहुत से फिल्म स्टार्स आए और चले गए।

## माघी पूर्णिमा पर प्रयागराज संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

प्रयागराज।

माघी पूर्णिमा पर्व पर आज तीर्थराज प्रयाग में संगम तट पर स्नानार्थियों, कल्पवासियों और संत महात्माओं की भारी भीड़ उमड़ी है। मेला क्षेत्र में गंगा नदी के अन्य घाटों पर भी भोर से स्नान की शुरूआत हुई है। आस्था की डुबकी लगाने वालों ने गंगा मइया से मनोरथ पूर्ण होने की कामना की और उत्साह पूर्वक स्नान किया। संगम में डुबकी लगाने वालों की भीड़ सबसे ज्यादा उमड़ी। वाच टावर से पुलिस कर्मी, स्नानार्थियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिये लगातार एनाउंस करते रहे, घाट पर अनावश्यक खड़े न रहने का निर्देश दिया जाता रहा, पुलिस और मेला प्रशासन के अधिकारियों ने संगम नोज पर रहकर माघी पूर्णिमा स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने की बागडोर संभाली। माघ मेला क्षेत्र की शोभा कल्पवासियों, तीर्थयात्रियों, संत महात्माओं और अन्य श्रद्धालुओं से होती है। रविवार को इन सभी ने सनातन की ध्वजा अपना उत्साह दिखाकर फहराई।

लगभग सभी रास्तों से जनसमूह संगम की ओर बढ़ने लगा। संगम मार्ग पर तो भीड़ लगातार बढ़ती ही रही। महिलाएं, बच्चे, वृद्ध, सभी संगम स्नान के लिये लालायित दिखे। जगह जगह पुलिस की बैरिकेडिंग रही, हालांकि स्नानार्थियों के लिये यहाँ कोई रुकावट नहीं रही। सीटियां बजाकर पुलिस कर्मी लोगों को संगम का रास्ता बताते रहे।



## संपादक की कलम से

# दावोस का सच!

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की दावोस यात्रा की आलोचना हो रही है। दावोस स्विट्जरलैंड में स्थित है, जिसे स्वर्ग माना जाता है और वहां विश्व आर्थिक सम्मेलन हमेशा की तरह आयोजित होता है। इस सम्मेलन में सभी देशों और राज्यों के राष्ट्राध्यक्ष भाग लेते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप समेत दुनियाभर के कई राष्ट्राध्यक्ष, वित्त मंत्री और व्यवसायी इस सम्मेलन में शामिल हुए। यहां निवेशकों और देशों के बीच सीधे समझौते होते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

प्रधानमंत्री मोदी हमेशा विश्व मंच पर दिखने के लिए उत्सुक रहते हैं। विश्व नेताओं के साथ गले मिलने और तस्वीरें खिंचवाने की उनकी लत बेमिसाल है, लेकिन इस बार, चूंकि राष्ट्रपति ट्रंप इस सम्मेलन में थे इसलिए प्रधानमंत्री मोदी दावोस नहीं पहुंचे, बल्कि भारतीय मुख्यमंत्रियों और घरेलू उद्योगपतियों का एक बड़ा समूह दावोस पहुंचा और जो समझौते भारत में हो सकते थे, वे विश्व के स्वर्ग कहे जानेवाले दावोस में हुए। अंबादास दानवे ने कहा है कि यह घरेलू निवेश, विदेशी पैकेजिंग और दावोस को फिक्स करने का एक समग्र प्रबंधन है। क्या मुंबई का मंत्रालय, साद्रि गेस्ट हाउस या पांचसितारा होटल अपने ही लोगों के साथ समझौते और आदान-प्रदान करने में नाकाम रहे? दानवे ने यह सवाल पूछा है। यह तो सरकार का पहला पहलू है, लेकिन इसका एक दूसरा पक्ष भी है। मुख्यमंत्री फडणवीस और उद्योग मंत्री उदय सामंत की पीआर टीम बता रही है कि फडणवीस की दावोस यात्रा कितनी सफल रही और मुख्यमंत्री दावोस से महाराष्ट्र के विकास के लिए ३७ लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड निवेश समझौते के साथ लौटे हैं। यह जनसंपर्क टीम बता रही है कि फडणवीस ने दावोस यात्रा के माध्यम से महाराष्ट्र को वैष्ठसे मालामाल किया है। उद्योग मंत्री सामंत ने बताया कि ३७ लाख करोड़ रुपए के समझौतों से ४३ लाख २५ हजार नौकरियां पैदा होंगी। अगर सामंत द्वारा पेश की गई तस्वीर सच है तो दावोस यात्रा की अनावश्यक आलोचना करने का कोई मतलब नहीं है। अकेले मुंबई महानगर में ही होनेवाला है। इसके अलावा, कोकण में ११,५८,९३० नौकरियां पैदा होंगी। सामंत का दावा है कि नागपुर, नासिक, पुणे, अमरावती, छत्रपति संभाजीनगर में भी लाखों नौकरियां पैदा होंगी। इसलिए उन्हें और उनके मुख्यमंत्री को जितनी बधाई दें उतना कम है। असल में, सवाल यह नहीं है। आलोचना का मुद्दा यह है कि क्या सभी भारतीय मुख्यमंत्रियों ने दावोस जाकर जनता के कर के पैसे को बर्बाद किया? क्या भाजपाशासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने जनता के पैसे से पर्यटन का आनंद लिया? भारतीय मुख्यमंत्री दावोस गए और मूल भारतीय कंपनियों के साथ समझौते किए। फिर भी, ये समझौते पक्के नहीं हैं। एमओयू है। समझौते हैं इसलिए भले ही समझौते हो जाएं, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि निवेश वास्तव में भारत में आएगा जैसा कि उन समझौतों में आंकड़े दिखाते हैं। हजारों किलोमीटर की यात्रा करना, विमान में प्रथम श्रेणी में सफर करना, जनता के पैसे को बर्बाद करना, पांच सितारा होटलों में ठहरना, एक बेकार प्रतिनिधिमंडल के खाने-पीने के शौकीनों के साथ पार्टी करना, यह सब हमारे अपने देश, दिल्ली, मुंबई में इससे कम खर्च में किया जा सकता था। महाराष्ट्र से भाजपा शासित राज्य के मुख्यमंत्रियों को दावोस मामले में कर्नाटक का उदाहरण लेना चाहिए। कर्नाटक ने दावोस के अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में जानबूझकर घरेलू, यानी भारतीय कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करने से परहेज किया। उन्होंने केवल विशुद्ध वैश्विक कंपनियों के साथ ५० से अधिक बैठकें कीं। उन्होंने नए निवेश के लिए एक सक्षम पाइप लाइन को प्रशस्त किया। इस बैठक से १०.२७ लाख करोड़ रुपए के वास्तविक निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। यह सिर्फ एक समझौता ज्ञापन नहीं, बल्कि एक वास्तविक समझौता और प्रतिबद्धता है। मोदी के कार्यकाल में देश का विकास रथ अराजकता के दलदल में फंसा हुआ है।

## कविता

### आरजू की दर्द

उदय किशोर साह



जल में तैरते मीन को तड़पते देखा
गीली लकड़ी भी हम को जलते देखा
बुढ़े को कोल्हू में जब पीसते देखा
नोनीहाल को भूख से बिलखते देखा
युवा को मदिरा की जाम में डूबते देखा
पत्थर को पर्वत पे लुढ़कते भी देखा
पत्नी को पतिदेव पे गरजते मैं देखा
वृद्ध माँ बाप को वृद्धाश्रम में रोते देखा
पर्णकुटी पे हो रहे अत्याचार को देखा
रईसजादे को खुमार से बिगड़ते देखा
रसूखदार को मृत्यु शैय्या पे मरते देखा
अभिमानी को जमीं पे गिरते भी देखा
आसमां से आग बरसते भी मैं देखा
ऊँचे महल वाले को बैचेनी में भी देखा
नावालिग को मजदूरी से पेट भरते देखा
भ्रष्ट अफसरशाही को लुटते भी देखा
निदोष को कारागार में जाते भी देखा
अपनों से अपनापन की भाव चुराते देखा
भाई भाई में दौलत के लिये टकराते देखा
धर्म के नाम पर बँटवारा की दर्द भी देखा
नेताओं को वादा खिलाफी करते देखा
जनता को वोट दे पछताते भी देखा
स्वार्थ की दीप की ऑजोर भी सबने देखा
विकास के नाम पे राजकोष को बँटते देखा
प्रगति की नाम पे मृगतृष्णा को भी देखा
गुरुदेव की आचरण को गिरते भी देखा
आशा की किरण को बुझते भी मैं देखा
झुठी इतिहास को रटाते भी मैं देखा
नतागिरी की स्तर को बद् से बद्तर देखा
बेवकूफ बनाने की राजनीति पे लुटते देखा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाएं एक वैश्विक चुनौती-राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति 2030 की घोषणा- एक समग्र विश्लेषण



गोंदिया




आत्महत्या केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक चुनौती हैं, इसके समाधान के लिए सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, समुदायों और परिवारों को मिलकर काम करना होगा। एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता की प्रगति के साथ -साथ मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जटिलताएँ भी बढ़ती गई हैं। इन्हीं जटिलताओं से जुड़ा एक अत्यंत गंभीर विषय है, आत्महत्या। यह केवल किसी व्यक्ति का निजी निर्णय नहीं होता, बल्कि इसके पीछे सामाजिक मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक कारकों का गहरा प्रभाव होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर आत्महत्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार, हर साल लगभग 7 लाख लोग आत्महत्या करके अपनी जान गंवाते हैं, जिसका अर्थ है कि हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक संकट है। जिसका समाधान अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मिट बुलाकर करना समय की मांग है। बता दे भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति की घोषणा की है। यह देश में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है जिसमें वर्ष 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर में 10 पर्सेंट की कमी लाने के लिये समयबद्ध कार्य योजना और बहु-क्षेत्रीय सहयोग शामिल है। यह रणनीति आत्महत्या की रोकथाम के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र रणनीति के अनुरूप है।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या क्या है और क्यों की जाती है? किस देश में सबसे ज्यादा आत्महत्या होती है? इसको समझने की करें तो, आत्महत्या का सामान्य अर्थ है, व्यक्ति द्वारा जानबूझकर अपनी जान लेना। यह निर्णय किसी क्षणिक आवेग का नहीं, बल्कि लंबे समय तक चले मानसिक और सामाजिक दबाव का परिणाम होता है। डब्लूएचओ की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, आत्महत्या करने वालों में से लगभग 77 पर्सेंट लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों से होते हैं, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ सीमित होती हैं और सामाजिक कलंक के कारण लोग मदद माँगने से कतराते हैं। आत्महत्या के मुख्य कारणों में डिप्रेशन, बाइपोलर डिसऑर्डर, सिजोफ्रेनिया, नशे की लत, तथा सामाजिक अलगाव प्रमुख हैं। इसके अलावा रिश्तों में असफलता, बेरोजगारी, आर्थिक तंगी, घरेलू हिंसा और युवाओं पर शिक्षा व करियर का दबाव भी आत्महत्या के प्रमुख कारक हैं। वैश्विक स्तर परआत्महत्या की दर हर देश में अलग-अलग है। डब्ल्यूएचओ की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि लिथुआनिया दक्षिण कोरिया, रूस, गुयाना और जापान जैसे देशों में प्रति 1 लाख आबादी पर आत्महत्या दर सबसे अधिक दर्ज की गई है। उदाहरण के लिए, लिथुआनिया में यह दर लगभग 25.7 प्रति 1 लाख है, जबकि दक्षिण कोरिया में लगभग 20.2 प्रति 1 लाख। वहीं भारत और चीन जैसे देशों में कुल आत्महत्याओं की संख्या सबसे अधिक है, क्योंकि यहाँ जनसंख्या बहुत बड़ी है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरब) 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में 1.64 लाख से अधिक आत्महत्याएँ दर्ज की गईं, यानें हर दिन औसतन 450 से अधिक लोग आत्महत्या करते हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या दैनिक वेतन बोगियों, छात्रों और किसानों की है। जापान में आत्महत्या लंबे समय से सामाजिक समस्या रही है, जहाँ हर साल लगभग 20,000 से अधिक लोग जीवन समाप्त कर लेते हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती होने की करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह स्वीकार किया गया है कि आत्महत्या को केवल व्यक्तिगत समस्या मानना उचित नहीं है। डब्ल्यूएचओ और अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ (आईएएसपी) के विशेषज्ञ मानते हैंकि आत्महत्या दरअसल मानसिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों का परिणाम है। 2021 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं के पीछे गरीबी, सामाजिक असमानता, लैंगिक भेदभाव और शिक्षा का अभाव जैसी समस्याएँ भी प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं। युवाओं मेंआत्महत्या की दर विशेष रूप से चिंताजनक है। 15-29 वर्ष आयु वर्ग में आत्महत्या मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण है। डिजिटल युग में साइबर बुलिंग, ऑनलाइन दबाव और सोशल मीडिया की अवास्तविक अपेक्षाएँ भी युवाओं को आत्महत्या की ओर धकेल रही हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या रोकने के उपायों की करें तो शोध और डेटा संग्रह आत्महत्या रोकथाम की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। डब्लूयुएचओ की ₹मेन्टल हेल्थ अटलस 2020₹ रिपोर्ट बताती है कि दुनियाँ के 80 पर्सेंट से अधिक देशों में आत्महत्या से संबंधित डेटा उपलब्ध नहीं है या अधूरा है। इससे नीतियों का निर्माण कठिन हो जाता है। आईएएसपी लगातार इस दिशा में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा दे रहा है। अमेरिका और यूरोप के देशों ने आत्महत्या रोकथाम पर व्यापक शोध कियाी है, जिससे यह साबित हुआ है कि कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी), साइकोसोशल सपोर्ट, हेल्पलाइन सेवाएँ और सामुदायिक सहयोग आत्महत्या रोकने में बहुत प्रभावी हैं। पेशेवरों को प्रशिक्षित करना भी इस दिशा में अत्यंत आवश्यक है डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाँ भर में प्रति 1 लाख लोगों पर औसतन केवल 13 मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर हैं, जबकि विकसित देशों में यह अनुपात बहुत अधिक है। इस असमानता के कारण निम्न और मध्यम आय वाले देशों में आत्महत्या रोकथाम चुनौतीपूर्ण बन जाती है। यदि डॉक्टर, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिसकर्मी आत्महत्या के संकेतों को पहचानने और सही समय पर हस्तक्षेप करने में प्रशिक्षित हों, तो कई जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्याओं को रोकने के लिए शिक्षा और संवाद की आवश्यकता सबसे मजबूत हथियार होने की करें तो, आईएएसपी और डब्लूयुएचओ दोनों ही यह मानते हैं कि सार्वजनिक जागरूकता से आत्महत्या की प्रवृत्ति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डब्लूयूएचओ की 2022 की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद बढ़ाने से आत्महत्या दर में 20 पर्सेंट तक की कमी लाई जा सकती है। आज भी अधिकांश समाजों में मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या को लेकर सामाजिक कलंक मौजूद है। लोग इस विषय पर बात करने से कतराते हैं इसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित व्यक्ति अकेलेपन और शर्मिंदगी का शिकार हो जाता है। युवाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देना और उन्हें यह समझाना कि मदद माँगना कमजोरी नहीं बल्कि साहस है, अत्यंत आवश्यक है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में काउंसलिंग सेवाएँ, हेल्पलाइन नंबर, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाएँ शुरू करना उपयोगी साबित हो सकता है। उदाहरण के लिए, दक्षिण कोरिया और जापान ने स्कूल स्तरपरमानसिक स्वास्थ्य शिक्षा लागू की है, जिससे आत्महत्या की दर कम करने में मदद मिली है। साथियों बात अगर हम आत्महत्या की रोकथाम के वैज्ञानिक और सामाजिक उपायों की करें तो, आत्महत्या रोकथाम के लिए बहुआयामी उपाय आवश्यक हैं। डब्लूयुएचओ की ₹लाइव लाइफ₹ रणनीति (2021) में चार प्रमुख उपाय सुझाए गए हैं (1) हानिकारक साधनों की उपलब्धता को कम करना (जैसे कीटनाशक, आग्नेयास्त्र, दवाइयाँ), (2) मीडिया रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार दिशानिर्देश बनाना, (3) किशोरों और युवाओं में सामाजिक व भावनात्मक कौशल विकसित करना, (4) जल्दी पहचान और सहायता उपलब्ध कराना।

# रिश्ते, शर्तें और डर से घिरी एक पीढ़ी



प्रियंका सौरभ

आज के समय में यदि कोई सबसे जोखिम भरा सामाजिक कार्य है, तो वह है—किसी को रिश्ते की बात कहना। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं, बल्कि हमारे बदलते सामाजिक मानस की सच्चाई है। जिस विषय को कभी परिवार, भरोसे और सामूहिक निर्णय का आधार माना जाता था, वह आज शर्तों, अपेक्षाओं और भय की प्रयोगशाला बन चुका है। परिणाम यह है कि अच्छे-खासे घरों में पढ़े-लिखे, सक्षम युवा कुंवारे बैठे-बैठे अधेड़ हो रहे हैं, लेकिन समझौते को कमजोरी मानकर ठुकराया जा रहा है। आज रिश्ते भावनात्मक समझ से अधिक तकनीकी परियोजना की तरह देखे जा रहे हैं। हर प्रस्ताव एक लंबी चेकलिस्ट के साथ आता है—हाइट कितनी है, रंग कैसा है, पैकेज कितना है, घर कितना बड़ा है, जमीन कितनी है, माता-पिता कितने हस्तक्षेप करते हैं, भविष्य में कौन कितना एडजस्ट करेगा। इस गणित में मनुष्य गायब है, आंकड़े उपस्थित हैं। यही वजह है कि रिश्ता तय करने में महीनों लगते हैं, पर टूटने में कुछ हफ्ते भी पर्याप्त हो जाते हैं। यह पीढ़ी सुविधाओं की भाषा में रिश्ते तलाश रही है। लड़कियों को ऐसा घर चाहिए जहाँ घरेलू श्रम की कोई अपेक्षा न हो, जहाँ जिम्मेदारी का बोझ पुरानी सोच मान लिया जाए। वहीं लड़कों को ऐसी बहू चाहिए जो आधुनिक भी हो और परंपरागत अपेक्षाओं का निर्वाह भी बिना सवाल किए करे। दोनों पक्ष चाहते हैं कि सामने वाला समझौता करे, पर स्वयं झुकने को कोई तैयार नहीं। रिश्ते साझेदारी नहीं, सेवाओं की सूची बनते जा रहे हैं। हनीमून पेरिस में मनाने का सपना है, लेकिन अपने ही देश और अपने परिवेश की जिम्मेदारियों से बचने में पसीना छूट जाता है। यह विरोधाभास केवल भौगोलिक नहीं, मानसिक है। वैश्विक आकांक्षाएँ हैं, पर स्थानीय दायित्वों से परहेज। आधुनिकता का अर्थ सुविधाओं का उपभोग समझ लिया गया है, दायित्वों को स्वीकार करना नहीं।

खेती किसी को करनी नहीं, पर जमीन—कि ल्ले—जरूर होने चाहिए। मेहनत का सम्मान घटा है, संपत्ति का आकर्षण बढ़ा है। जिस समाज की जड़ें श्रम में थीं, वहाँ अब श्रम से दूरी और संपत्ति से निकटता प्रतिष्ठा का मानक बन गई है। रिश्ता तय करते समय परिश्रम, धैर्य, संघर्ष और जीवन-कौशल की जगह संपत्ति, पद और प्रोफाइल ने ले ली है। इंसान का मूल्यांकन उसके चरित्र से नहीं, उसके संसाधनों से किया जा रहा है। आज एक-एक इंच हाइट नापी जाती है; रंग, जाति, सैलरी, कार और सोशल मीडिया की मौजूदगी तक गिनी जाती है। विवाह-पूर्व जाँच एजेंसियों की तरह रिश्तों की पड़ताल होती है। लेकिन तमाम जाँच-पड़ताल के बावजूद छह महीने बाद वही लोग कोर्ट के बाहर खड़े मिल जाते हैं। सवाल यह नहीं कि तलाक क्यों बढ़ रहे हैं; सवाल यह है कि इतनी सावधानी के बाद भी रिश्ते टिक क्यों नहीं रहे? क्योंकि हमने मानवीय गुणों को मापना छोड़ दिया है—संवाद, सहनशीलता, धैर्य, असहमति में सम्मान और संकट में साथ निभाने की क्षमता। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे त्रासद स्थिति माँ-बाप की है। वे बच्चों से डरते हैं—कि कहीं कुछ कह न दें, कहीं दबाव न डाल दें, कहीं इमोशनल ब्लैकमेल का आरोप न लग जाए। दूसरी ओर बच्चे शादी से डरते हैं—जिम्मेदारी, स्थायित्व और समझौते से। रिश्ता दोनों के बीच पिस रहा है। यह डर का ऐसा चक्र है जिसमें कोई नेतृत्व नहीं चाहता, सब दर्शक बने रहना चाहते हैं। माता-पिता आज निर्णयकर्ता नहीं, केवल वित्तीय और भावनात्मक सहायक बनकर रह गए हैं। वे न रिश्ता सुझा सकते हैं, न आपत्ति जता सकते हैं। वहीं युवा पीढ़ी स्वतंत्रता चाहती है, लेकिन निर्णयों की जवाबदेही से बचना चाहती है। यह असंतुलन रिश्तों को खोखला कर रहा है। स्वतंत्रता का अर्थ जिम्मेदारी से मुक्ति नहीं, बल्कि जिम्मेदारी उठाने की क्षमता होना चाहिए—यह बुनियादी समझ कहीं खो गई है।

अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि हमारे माँ-बाप का समय अलग था। यह सच है कि तब दुनिया सरल थी, विकल्प कम थे। लेकिन उससे भी बड़ा सच यह है कि तब भरोसा था। उन्होंने न काला देखा, न गोरा; न लंबी सूची बनाई, न परफेक्ट प्रोफाइल ढूँढी। बुजुर्गों पर भरोसा किया, परिवार की सामूहिक बुद्धि पर विश्वास रखा और उसी भरोसे के सहारे जीवन जिया। यह नहीं कि तब समस्याएँ नहीं थीं, पर समस्याओं से भागने की प्रवृत्ति नहीं थी।

आज समस्याएँ कम नहीं हुईं, बल्कि समाधान से भागने की आदत बढ़ी है। छोटी-छोटी असहमति को टॉक्सिक करार देकर रिश्ता तोड़ देना साहस नहीं, पलायन है। विवाह को आजादी का अंत समझा जाने लगा है, जबकि सच यह है कि सही साझेदारी ही व्यक्ति को मानसिक और भावनात्मक स्वतंत्रता देती है। अकेले रहने का विकल्प सबके लिए संभव नहीं, और सबके लिए समाधान भी नहीं।

सोशल मीडिया और मैट्रिमोनियल ऐप्स ने अपेक्षाओं को बाजार बना दिया है। हर प्रोफाइल तुलना का विषय है, हर विकल्प अस्थायी। बेहतर की खोज अंतहीन है, इसलिए पर्याप्त कभी मिलता ही नहीं। यह उपभोक्तावादी दृष्टि रिश्तों को भी उपभोग की वस्तु में बदल रही है—पसंद न आए तो बदल दो। लेकिन विवाह मोबाइल फोन नहीं, जिसे हर साल अपग्रेड किया जाए; यह एक दीर्घकालिक सामाजिक अनुबंध है, जिसे निभाने की मानसिकता चाहिए।

आज शादी से ज्यादा डर फँस जाने का है। यह डर बताता है कि हमने रिश्ते को सुरक्षा नहीं, बंधन के रूप में देखना शुरू कर दिया है। जबकि सच यह है कि रिश्ता बंधन नहीं, साझी ज़िम्मेदारी है—जहाँ दोनों को देना भी होता है और लेना भी। जहाँ बराबरी का अर्थ समानता नहीं, बल्कि न्याय और सम्मान होता है।

समाधान क्या है?

पहला—अपेक्षाओं की ईमानदार समीक्षा। क्या हम जो चाहते हैं, वह हम स्वयं देने में सक्षम हैं?

दूसरा—संवाद की बहाली। संवाद केवल बोलना नहीं, सुनना भी है। शादी से पहले ही नहीं, बाद में भी संवाद रिश्ते की रीढ़ है।

तीसरा—परिवार की भूमिका का पुनर्मूल्यांकन। माता-पिता को दखल के खांचे से बाहर निकालकर मार्गदर्शक के रूप में स्वीकार करना होगा।

चौथा—स्थानीय जीवन के सम्मान की वापसी। पेरिस का सपना बुरा नहीं, लेकिन अपने शहर, अपने काम और अपनी मिट्टी से शर्मिंदा होना आत्मघाती है।

यह पीढ़ी प्रतिभाशाली है, शिक्षित है, संभावनाओं से भरी है। इसमें दुनिया बदलने की क्षमता है। पर यदि रिश्तों में साहस नहीं होगा—समझौता करने का साहस, टिके रहने का साहस, साथ सीखने का साहस—तो भविष्य अनिश्चित रहेगा। शादी कोई परीक्षा नहीं, जिसमें शत-प्रतिशत अंक चाहिए हों; यह एक यात्रा है, जिसमें गिरते-पड़ते, सीखते हुए आगे बढ़ना होता है।

आज सवाल सिर्फ.बुजुर्ग नहीं पूछ रहे—वक़्त भी पूछ रहा है:

क्या हम रिश्तों को शर्तों से आजाद कर पाएँगे?

क्या हम डर से बाहर निकलकर भरोसे की ओर लौटेंगे?

यदि उत्तर हाँ है, तो यह पीढ़ी भी बेहतर ज़िंदगी जी सकेगी।

और यदि उत्तर न है—तो कुंवारापन केवल वैवाहिक स्थिति नहीं, एक स्थायी सामाजिक अवस्था बन जाएगा।


# शिक्षित युवा वर्ग के लिए बेरोजगारी समस्या नहीं मूल आवश्यकता है

संभवत अगली जनगणना के बाद भारत सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा इसके अलावा सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा निश्चित तौर पर यह हमारे पर निर्भर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैं भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है, उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है। भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी, मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 142 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145 (अनुमानित) करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 60% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद। ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन परिवार नियोजन मानव का अधिकार रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था।

# नसीआरटीसी और आईआरसीटीसी के बीच निर्बाध टिकट बुकिंग सेवा हुई शुरू, रेलवे और नमो भारत यात्रियों के लिए आसान हुआ एंड-टू-एंड सफर

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) और इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने एक निर्बाध टिकटिंग प्रणाली शुरू की है, जिससे यात्रियों को अब भारतीय रेल और नमो भारत के माध्यम से यात्रा की योजना बनाने और टिकट बुक करने में अधिक सुविधा मिलेगी। अब नमो भारत के यात्री एनसीआरटीसी के नमो भारत ऐप पर उपलब्ध आईआरसीटीसी आइकन पर क्लिक कर सीधे भारतीय रेल के टिकट बुक कर सकते हैं। वहीं, आईआरसीटीसी यात्री यदि दिल्ली को गंतव्य बनाकर ट्रेन टिकट बुक करते हैं, तो वे आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट ऐप पर अपनी बुकिंग डिटेल खोलकर एनसीआरटीसी आइकन पर क्लिक




कर नमो भारत का टिकट भी आसानी से बुक कर सकते हैं। इससे दोनों प्लेटफॉर्म्स के बीच पूर्ण एंड-टू-एंड फंक्शनल इंटीग्रेशन सुनिश्चित हुआ है। यह एकीकृत प्रणाली यात्रियों को सरल और सहज टिकट बुकिंग अनुभव प्रदान करती है और बार-बार जानकारी दर्ज करने की आवश्यकता को भी कम करती है। आईआरसीटीसी ई-टिकट बुक करने के बाद एनसीआरटीसी टिकट का विकल्प पीएनआर कन्फर्मेशन पेज पर दिखाई देता है

और ट्रेन टिकट बुकिंग हिस्ट्री से भी एक्सेस किया जा सकता है। यह पहल भारत सरकार की ह्लवन इंडिया झ वन टिकटह्व परिकल्पना के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य विभिन्न परिवहन माध्यमों के बीच यात्रा को यात्रियों के लिए अधिक आसान और सुविधाजनक बनाना है।

उदाहरण के तौर पर, मेरठ से नमो भारत के माध्यम से दिल्ली आने वाला कोई यात्री अब इसी एकीकृत प्रणाली के जरिए अपनी आगे की लंबी दूरी की यात्रा के लिए भारतीय रेल का टिकट आसानी से बुक कर सकता है। आनंद विहार स्थित नमो भारत स्टेशन पर पहुंचने के बाद, जो आनंद विहार रेलवे स्टेशन से सहज रूप से जुड़ा हुआ है, यात्री सीधे अपनी ट्रेन में सवार हो सकता है, जिससे पूरी यात्रा और अधिक सहज व सुविधाजनक हो जाती है। हाल ही में एनसीआरटीसी ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के साथ भी इसी तरह का सहयोग किया है।

एनसीआरटीसी और डीएमआरसी के बीच एकीकृत टिकटिंग प्रणाली के तहत यात्री एक-दूसरे के मोबाइल ऐप्स के माध्यम से नमो भारत और दिल्ली मेट्रो के टिकट बुक कर सकते हैं, जिससे क्षेत्र में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और मजबूत हुई है।

इन पहलों के माध्यम से एनसीआरटीसी दिल्ली-एनसीआर के लिए एक एकीकृत, कुशल और यात्री-केंद्रित परिवहन तंत्र के निर्माण की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है, जो डिजिटल रूप से सक्षम, पर्यावरण के अनुकूल और यात्रियों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। डिजिटल इंटीग्रेशन के साथ-साथ नमो भारत स्टेशनों पर भौतिक एकीकरण पर भी काम किया जा रहा है, ताकि भारतीय रेल, मेट्रो और बस टर्मिनलों के साथ सुगम और सुविधाजनक इंटरचेंज सुनिश्चित किया जा सके और यात्रियों का यात्रा अनुभव और बेहतर हो सके। वर्तमान में 82 किलोमीटर लंबे दिल्लीझमेरठ नमो भारत कॉरिडोर का 55 किलोमीटर हिस्सा – न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक – संचालित है।

जैसे-जैसे यह कॉरिडोर आगे विस्तारित होगा, इस तरह के एकीकरण यातायात भीड़ कम करने, समय की बचत करने और सतत एवं हरित परिवहन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# गाजे-बाजे और भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शंखनाद

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/चौमुहां।** धार्मिक नगरी चौमुहां के राधा मोहन जी गौशाला परिसर में शनिवार से भक्ति और उल्लास के साथ श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व गौशाला संचालक संत जयकृष्ण दास महाराज के सानिध्य में एक विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसने समूचे कस्बे को भक्तिमय कर दिया। ?शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। यात्रा में पीले वस्त्रों में सजी 108 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर कस्बे की परिक्रमा की। इस यात्रा में ऊंट और घोड़े का नृत्य देखने के लिए क्षेत्रीय जनता उमड़ पड़ी। ?मंदिर परिसर से शुरू होकर यह यात्रा महाराणा प्रताप चौक, दाऊद मोहल्ला, मारूफ मोहल्ला, थमू थोक और मनी थोक बाजार से गुजरी। कस्बे



के मुख्य मार्गों पर स्थानीय व्यापारियों और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भागवत पोथी की आरती उतारी। कथाव्यास कराएंगे कृष्ण लीलाओं का रसपान सप्ताह भर चलने वाली इस ज्ञानयज्ञ में प्रख्यात कथावाचक श्री राधे-राधे बाबूजी महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से भगवान कृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करेंगे। ?इस अवसर पर यमुना रक्षक दल के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, कुंवर नरेंद्र सिंह, कमल सिंह, डॉ. आरएन सिंह, पंडित शोभाराम शर्मा, राहुल सियाराम, कारे बाबा, राजवीर सिंह, राजेश शर्मा, मूलचंद सिसौदिया, कालू पहलवान, श्री गोपाल सिसोदिया और भारतपाल सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मुर्शिदाबाद में 11 फरवरी से बाबरी मस्जिद निर्माण कार्य को रोके सरकार - संत समाज

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** हुमायूं कबीर ने घोषणा की है कि 5000 लोग पवित्र कुरान पढ़ने में भाग लेंगे, जिसके बाद बंगाल भर के प्रमुख मुस्लिम समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति में निर्माण कार्य शुरू होगा। श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर केस के याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज और अनमोल दास जी महाराज ने कहा है कि यह सनातनियों के लिए बहुत बड़ी दुखद खबर है, हम, सरकार से मांग करते हैं कि जो भी व्यक्ति बाबरी मस्जिद का निर्माण करने की हिम्मत कर रहा है उसको पाकिस्तान और बांग्लादेश भेज दिया जाए, हुमायूं कबीर ने कहा है कि दोपहर 12 बजे राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए मुस्लिम बुद्धिजीवी, शिक्षाविद और उनकी ट्रस्ट के सदस्य मिलकर मस्जिद के निर्माण कार्य की नींव रखेंगे, कबीर ने जोर देकर कहा कि इस आयोजन में राजनीति से दूर रहने वाले प्रबुद्ध मुस्लिम समाज के लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है. बाबरी मस्जिद निर्माण पर संतों ने अपना विरोध प्रगट किया है।

# हनुमानबाग आश्रम में उमड़ा आस्था का सैलाब, पद्मश्री रमेश बाबा ने दिया आशीर्वाद

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** गोवर्धन के प्रसिद्ध हनुमानबाग आश्रम में आयोजित वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। आश्रम में आयोजित इस धार्मिक उत्सव में 'आस्था का सैलाब' इस कदर उमड़ा कि समूचा क्षेत्र हनुमान जी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। देश के कोने-कोने से आए साधु-संतों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने कतारबद्ध होकर हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण किया और महाराज जी का आशीर्वाद लिया।

दिग्गजों की उपस्थिति और आध्यात्मिक मिलन

महोत्सव के दूसरे दिन की सबसे खास बात पद्मश्री संत रमेश बाबा का आगमन रही। जैसे ही



रमेश बाबा हनुमानबाग आश्रम पहुँचे, वहाँ का वातावरण और भी भक्तिमय हो गया। आश्रम के सेवायत संत सियाराम दास महाराज ने रमेश बाबा के चरण स्पर्श कर उनका भावपूर्ण स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान संत समाज के बीच आध्यात्मिक चर्चा भी हुई। हनुमान जी के दरबार में न केवल आम जनमानस, बल्कि राजनीति, प्रशासन और न्यायपालिका से जुड़ी बड़ी हस्तियां भी नतमस्तक नजर आईं। महोत्सव में मुख्य रूप से सांसद तेजबीर सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष शर्मा, नरेंद्र सिंह और नागेंद्र प्रताप, एसपी सिटी राजीव सिंह, एसपी क्राइम अवनीश मिश्रा, एसपी ट्रैफिक मनोज यादव और एसपी सुरक्षा राम कुमार अग्रवाल, जज ज्योत्स्ना सिंह। श्री कृष्ण आश्रम के मास्टर बाबा हरदेव बाबा, बलराम बाबा और दानघाटी मंदिर के पूर्व मैनेजर चरण कौशिक आदि उपस्थित रहे।

आश्रम परिसर में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था, कोई भजन-कीर्तन में मग्न था तो कोई भंडारे में सेवा दे रहा था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हनुमानबाग आश्रम का यह वार्षिक उत्सव क्षेत्र की एकता और अटूट श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में संतों ने समाज कल्याण और धर्म की रक्षा का संदेश दिया।

# प्रदेश में वैचारिक मजबूती का बनेगा आधार: विजेंद्र सिंह नरवाल

**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय ट्रेनर, राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी विजेंद्र सिंह नरवाल उत्तर प्रदेश के सभी 6 जोनों में संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चरणबद्ध प्रशिक्षण एवं संकल्प शिविरों की विस्तृत योजना के साथ सक्रिय हैं। इसी क्रम में जॉन स्तरीय शिविरों के बाद जिला स्तरीय और फिर ब्लॉक स्तरीय सत्रीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। पश्चिमी जोन, ब्रज जोन एवं पूर्वांचल जोन में सफल आयोजनों के पश्चात अब प्रयाग जोन में आगामी 1 व 2 फरवरी को प्रयागराज जनपद के कोराव कस्बे में दो दिवसीय जॉन स्तरीय सर्वोदय संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस शिविर में प्रयाग जोन एवं बुंदेलखंड जोन के लगभग 20 जनपदों से चयनित प्रतिनिधि भाग लेंगे। शिविर के माध्यम से संगठन की विचारधारा, पंचायती राज व्यवस्था की मजबूती और जमीनी स्तर पर कार्यकताओं को प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रभारी विजेंद्र सिंह नरवाल ने कहा कि ऐसे सर्वोदय संकल्प शिविरों से प्रदेश में पार्टी की वैचारिक स्थिति मजबूत होगी और कार्यकताओं में संगठनात्मक अनुशासन के साथ जनसेवा की भावना विकसित होगी। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से देश को विभाजनकारी और नव-पूंजीवादी ताकतों से मुक्त कराने की दिशा में मजबूत जनआंदोलन खड़ा किया जा सकेगा।

शिविर में संगठन की भविष्य की रणनीति, पंचायतों की भूमिका और लोकतांत्रिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# एमआईईटी ग्रुप और तपशील जाती आदिवासी प्रकटन सैनिक के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ** शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक विकास के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मेरठ और पश्चिम बंगाल के हुगली जनपद स्थित तपशील जाती आदिवासी प्रकटन सैनिक कृषि विकास शिल्प केंद्र के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह संगठन भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है। एमओयू हस्ताक्षर समारोह कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। एमओयू पर एमआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल तथा तपशील जाती आदिवासी प्रकटन सैनिक कृषि विकास शिल्प केंद्र के सचिव सौमेन कोले ने हस्ताक्षर किए। एमओयू का उद्देश्य शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना, अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना, कौशल विकास, सतत कृषि, उद्यमिता तथा ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए संयुक्त प्रयास करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमआईईटी ग्रुप के ग्रुप डीन (आर एंड डी) प्रो डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने कहा कि यह साझेदारी शैक्षणिक संस्थानों और जमीनी स्तर पर कार्यरत संगठनों के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि एमओयू के अंतर्गत कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, सेमिनार तथा ज्ञान के आदानझप्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, फील्ड एक्सपोजर और व्यवहारिक शिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर एमआईईटी ग्रुप के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, ग्रुप डीन डॉ. सुनील कुमार मिश्रा, सुशील कुमार शर्मा, मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा और तनुश्री जैन भी उपस्थित रहे।

तपशील जाती आदिवासी प्रकटन सैनिक कृषि विकास शिल्प केंद्र की ओर से उपाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं परियोजना निदेशक मृदुल ताराफदर, मुख्य वित्त अधिकारी पवन कुमार झा, प्रशासन एवं संचालन प्रमुख जितेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थान कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान एवं नवाचार, कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यशालाएं, छात्र इंटर्नशिप तथा आदिवासी एवं वंचित वर्गों के सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न पहलों पर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।

# बण्डपुरा गांव में हुआ जिला पंचायत अध्यक्ष का भव्य स्वागत



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** शनिवार को ग्राम बण्डपुरा की सरदारी द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। उन्हें पटुका पहनाकर, फूल-मालाओं से लादकर, स्वाफा एवं चांदी का मुकुट भेंट कर ग्रामीणों ने अपना स्नेह और सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेरा ब्रज विकास से वंचित नहीं रहेगा। आपके गांव की समस्या मेरी समस्या है, जिसका निस्तारण जल्द करा दिया जाएगा। जलभराव की समस्या, नाली खंडजा की समस्या सहित अन्य समस्याएं है उन्हें जल्द दूर किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने जनता के विश्वास, समर्थन और लोकप्रियता और सम्मान की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप, विनोद प्रमुख, भरत सिंह चेयरमैन सोंख, देवेंद्र प्रधान नैनूपट्टी, वेदपाल प्रधान सींगापट्टी, हरीश चौधरी मुसमुना, चंद्रपाल प्रधान मगोर्रा, भीमा बण्डपुरा, राकेश कुंतल (बण्डपुरा, चतुर सिंह प्रधान सोंख देहात, बलवीर प्रधान, विनोद सिंह मगोर्रा, रमेश मास्टर, देवेंद्र उर्फ कलुआ मगोर्रा, रमेश मास्टर नगला झींगा, करन प्रधान सोन, समुन्दर मास्टर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रामानन्दाचार्य जयंती पर आयोजित भव्य रामलीला में रावण वध और श्रीराम के राजतिलक की लीला ने मोहा मन



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज महाराज की पावन तलहटी में स्थित पवित्र तीर्थ नगरी गोवर्धन के आन्यौर परिक्रमा मार्ग पर रामानन्द आश्रम में रामानन्दाचार्य जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित रामलीला में शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामलीला मंचन के दौरान कुंभकर्ण वध, मेघनाथ वध एवं रावण वध की भावपूर्ण लीलाओं का सजीव मंचन किया गया। रावण वध के उपरांत भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने और उनके राजतिलक की मनोहारी लीला ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा इस अवसर पर आश्रम संचालक एवं गोवर्धन पीठाधीश्वर महंत श्री राम अनुग्रह दास महाराज ने कहा कि रामलीला केवल नाट्य मंचन नहीं, बल्कि मयार्दा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा है। भगवान श्रीराम का जीवन समाज के लिए आदर्श है, जिसे अपनाकर मानव जीवन सार्थक बन सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुदामा पीठ के महंत श्री अमर दास जी महाराज, महंत अशोक नारायण दास महाराज, महंत श्री दीनबंधु दास जी महाराज, व्यास पूरन कौशिक जी महाराज सहित अनेक साधु-संत उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का सत्यम चतुर्वेदी एवं ऋषभ चतुर्वेदी द्वारा पुष्पमालाएं व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

# अवैध तमंचे और कारतूस के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जहांगीराबाद।** अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जहांगीराबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी करते हुए नवीनगर के पास एक पुलिया से एक संदिग्ध व्यक्ति को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि गांव रौण्डा पर पुलिस गस्त कर रही थी कि तभी पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि गांव नवीनगर को जाने वाले रास्ते में पुलिया के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है जिसके पास अवैध असहला है लगता है वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है।

# श्रील नित्यानंद महाप्रभु गुरू तत्व स्वरूप- चंचलापति दास

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/वृन्दावन।** माघ मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को गौड़ीय वैष्णव सम्प्रदाय में श्रील नित्यानंद महाप्रभु जो श्री बलराम जी के अवतार माने जाते हैं का आविर्भाव दिवस श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। इसी क्रम में शनिवार को भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित चंद्रोदय मंदिर में नित्यानंद त्रयोदशी महामहोत्सव भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। महामहोत्सव के अंतर्गत मंदिर परिसर को विविध प्रकार के रंग-बिरंगे पुष्पों से भव्य एवं आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया गया। इसके पश्चात छप्पन भोग अर्पण, पालकी उत्सव तथा



वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पंचगव्य, फलों के रस, औषधियों एवं पुष्पों द्वारा श्रीश्री निताई-गौर का विधिवत महाभिषेक सम्पन्न कराया गया। शास्त्रों के अनुसार श्रील नित्यानंद महाप्रभु द्वापर युग में प्रभु श्रीराम के अनुज लक्ष्मण, त्रेता युग में श्रीकृष्ण के बड़े भ्राता बलराम तथा कलियुग में नित्यानंद महाप्रभु के रूप में अवतरित हुए। उनका प्राकट्य सन 1474 ईस्वी में पश्चिम बंगाल के बीरभूम जनपद स्थित एकचक्र ग्राम में मुकुंद पंडित एवं माता पद्मावती के यहाँ हुआ था। इस अवसर पर भक्तों को संबोधित करते हुए चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष श्री चंचलापति दास ने कहा कि श्री चैतन्य महाप्रभु ने श्री नित्यानंद प्रभु को अपना सर्वोत्तम भक्त स्वीकार किया है तथा उन्हें समस्त जीवों के लिए गुरु-तत्त्व का स्वरूप बताया है।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जिला अस्पताल एवं वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण।



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी का जनपद बुलंदशहर में हुआ आगमन। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने सर्वप्रथम जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में महिला मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत उपाध्यक्ष महोदया द्वारा वन स्टॉप सेंटर (डल्ली र३ञ्स्र उील्ल३१ी) का भी निरीक्षण किया गया। यहां महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रदान की जा रही सहायता सेवाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा अभिलेखों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सेवा गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर बल दिया।

# वाराणसी में सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सचदेवा द्वारा चयनित बच्चों का कैलेंडर लॉन्च

**वेलकम इंडिया**



मिसेज एशिया द्वारा सपनों के पंखों को उड़ान देने के उद्देश्य के तहत चयनित टीटीएफ फाउंडेशन के प्रतिभाशाली बच्चों के उनके सपनों को उड़ान उज्ज्वल भविष्य को समर्पित एक गरिमामय एवं प्रेरणादायक कैलेंडर लॉन्च एवं सम्मान समारोह का आयोजन किसी संस्था के बच्चों का प्रकाशित कैलेंडर पहली बार वाराणसी के भारत माता मंदिर विद्यापीठ में किया गया। इस विशेष अवसर पर सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सचदेवा के कर-कमलों द्वारा बच्चों के विशेष कैलेंडर का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, उनके आत्मविश्वास को मजबूत करना तथा उनके सपनों को नई दिशा देना रहा। कैलेंडर में चयनित बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलकती नजर आई। इस अवसर पर मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने बताया कि कैलेंडर लॉन्च में प्रकाशित हुए ऐसे दो बच्चे थे जिसमें सोनाली और अनुष्का जिन्हें स्पेशल गेस्ट के रूप में इनवाइट किया गया है जिन्होंने पिछले साल प्लास्टिक फ्री इंडिया के लिए रैंप वॉक करके बेस्ट मॉडल का अवार्ड से सम्मानित हुए थे इन बच्चों को प्रमोट करते हुए मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने बच्चों को आज स्पेशल गेस्ट के रूप इनवाइट करके उन्हें एक अलग पहचान भी दी आगे बताते हुए उन्होंने ने बताया कि उनके उद्देश्य है कि जो बच्चे लगातार कर रहे हैं उनको आगे बढ़ने का और उनकी एक अलग पहचान बनाने में हम उनका जहां तक सपोर्ट होगा वह तकनकरते रहेंगे उन्होंने ह्लटीटीएफ फाउंडेशन का धन्यवाद करने के साथ संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा किह्लटीटीएफ फाउंडेशन जैसे संगठन समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव रखते हैं। बच्चों की मुस्कान और उनके सपनों को साकार होते देखना ही हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है ह्व उन्होंने बताया कि इससे पूर्व लखनऊ में आयोजित सफल कैलेंडर लॉन्च कार्यक्रम के बाद, बच्चों की खुशी और आत्मविश्वास को और आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन वाराणसी में पुनः किया गया। कार्यक्रम के दौरान टी टी एफ फाउंडेशन के संचालिका पुष्पा मिश्रा जी ने सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सचदेवा जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज हमारे बच्चे को विजयता सचदेवा जी द्वारा कैलेंडर 2026 में प्रकाशित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और संस्था भी गर्व महसूस कर रही है कि आज हमारी संस्था के बच्चों को एक उड़ान के साथ एक उनको अलग पहचान भी मिली है बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया।

टीटीएफ फाउंडेशन के शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की गई। वही प्रयागराज से आमंत्रित अमर स्टूडियो फोटोग्राफर अभिषेक शाक्य जी ने भी बच्चों के कैलेंडर लॉन्च सपनों के उड़ने में बढ़ चढ़कर सहयोग किया और सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ज जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनको आज बच्चों के लिए कुछ ऐसा करने का सुनहरा मौका मिला और वही मिसेज एशिया विजयता सचदेवा जी ने भी अभिषेक शाक्य और सभी पत्रकार बंधुओ का तहे दिल से धन्यवाद किया।

# थाना आदर्श नगर के स्नैचिंग मामले का खुलासा, एक स्नैचर गिरफ्तार

**एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली:** नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट थाना आदर्श नगर के स्टाफ ने एक स्नैचर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान अमन पुत्र अशोक, निवासी उधम सिंह पार्क, इंडस्ट्रियल एरिया, वजीरपुर, दिल्ली, आयु-22 वर्ष के रूप में हुई है। उसकी गिरफ्तारी के दौरान शिकायतकर्ता का एक मोबाइल फोन तथा अपराध में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल उसके कब्जे से बरामद की गई। आरोपी प्रथम बार अपराध करने वाला पाया गया। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि उसने त्वरित एवं आसान पैसे के लालच में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया। दिनांक 27.01.2026 को इंद्रजीत नंदल पुत्री देवेंद्र सिंह, निवासी धरम विहार, बहादुरगढ़, हरियाणा ने शिकायत दर्ज कराई कि वह आजादपुर मंडी से आजादपुर मेट्रो स्टेशन की ओर ई-रिक्शा में यात्रा कर रही थी। जब वह जी.टी.के. रोड स्थित आजादपुर अंडरपास से थाना आदर्श नगर से मॉडल टाउन, आजादपुर, दिल्ली क्षेत्र में पहुंची, तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात लड़के आए और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में थाना आदर्श नगर में एफआईआर संख्या 65/26, दिनांक 27.01.2026, धारा 304(2)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।

# मार्ग पर निकलना दूभर, जलभराव से जनस्वास्थ्य पर संकट



**वेलकम इंडिया**

**लखीमपुर** खीरी शहर के मोहल्ला थरबरन गंज में कलीम के घर के पास स्थित एक गली में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि आम लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। गली में लंबे समय से जलभराव और गंदगी जमा होने के कारण वहां रहने वाले लोगों का जीवन दूभर हो गया है। स्थानीय निवासी कलीम का कहना है कि गली में फैली गंदगी और ठहरे हुए पानी से बदबू उठती रहती है। जलभराव में कीड़े पड़ चुके हैं, जिससे आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के निवासियों ने इस समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद लखीमपुर के अधिशाषी अधिकारी को लिखित शिकायत भी दी है। शिकायत में बताया गया है कि गली में नाली का अभाव है और कुछ स्थानों पर अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। इसके चलते बरसात ही नहीं, सामान्य दिनों में भी पानी जमा रहता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद नगर पालिका के संबंधित जूनियर इंजीनियर (जे.ई.) ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। क्षेत्र में वायरल बुखार, जुकाम, दस्त और पेचिश जैसी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं, जिसे लोग सीधे तौर पर गंदगी और जलभराव से जोड़ रहे हैं

# 137 पलिया विधानसभा में कार्यकताओं की बैठक व तहरी भोज, सांसद उत्कर्ष वर्मा रहे मुख्य अतिथि

**मोहम्मद असलम**




पलिया खीरी 137 पलिया विधानसभा क्षेत्र में शनिवार, 31 जनवरी 2026 को समाजवादी पार्टी द्वारा कार्यकताओं की बैठक एवं तहरी भोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ह्यमधुरह्व रहे। आयोजन में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं की भारी उपस्थिति देखने को मिली। बैठक में प्रदेश सचिव रेहान खान, जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व एमएलसी जावेद अख्तर, विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रीत इंदर सिंह कक्कू सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकताओं में आपसी समन्वय बढ़ाना और आगामी राजनीतिक रणनीति पर मंथन करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद उत्कर्ष वर्मा ह्यमधुरह्व ने कहा कि समाजवादी पार्टी की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि जब तक कार्यकर्ता मजबूती से जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को उठाएगा, तब तक पार्टी को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव रेहान खान ने किसान और मजदूरों के मुद्दे को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि किसान और मजदूर देश की रीढ़ हैं, लेकिन मौजूदा सरकार की नीतियों ने इन्हें सबसे अधिक प्रभावित किया है। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, खाद, बीज और डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जबकि मजदूरों की मजदूरी महंगाई के अनुपात में नहीं बढ़ाई गई।

रेहान खान ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है, नौजवान रोजगार के लिए भटक रहे हैं और किसान कर्ज.के बोझ तले दबा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल दिखावटी योजनाओं में व्यस्त है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसान, मजदूर, नौजवान और गरीबों के हक की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। पार्टी की सरकार बनने पर किसानों को राहत, मजदूरों को सुरक्षा, युवाओं को रोजगार और आम जनता को सम्मान दिया जाएगा। बैठक के उपरांत सभी कार्यकताओं के लिए तहरी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित और सफल रहा। कार्यकताओं में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखने को मिला।

# स्मार्ट सिटीजन पत्रिका का वितरण, सकारात्मक पत्रकारिता को मिला बढ़ावा

**मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर** खीरी सकारात्मक, जागरूक और रचनात्मक पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने वाली मासिक पत्रिका ह्लस्मार्ट सिटीजनह्व का वितरण लखीमपुर खीरी के विभिन्न प्रतिष्ठित नागरिकों के बीच किया गया। इस अवसर पर न्यूज वाणी (दैनिक) के संवाददाता चांद मिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पत्रिका की प्रतियाँ शहर के सम्मानित व्यक्तियों को भेंट की गईं। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में चौकी प्रभारी संजय कुमार यादव, समाजसेवी डॉ. सलीम खान, शिक्षाविद् उम्मी खातून तथा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार शामिल रहे। सभी गणमान्य नागरिकों ने पत्रिका की विषयवस्तु की सराहना करते हुए कहा कि ह्लस्मार्ट सिटीजनह्व समाज में जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक सोच को आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने इसे आमजन के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक प्रकाशन बताया। इस अवसर पर संवाददाता चांद मिया ने कहा कि ऐसी पत्रिकाएँ समाज को सही दिशा देने और रचनात्मक पत्रकारिता को मजबूत करने का कार्य करती हैं।

# शिक्षा से ही देश और समाज का हो सकता है भला-मो.अदनान



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को बाघनगर बाजार स्थित एम.आई.एच.एस.स्कूल में इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल के छात्राओं की फेयरवेल पार्टी/विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान जूनियर कक्षा की छात्राओं द्वारा अपने सीनियर्स को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के दौरान मोहम्मद अदनान ने कहा कि यह एक प्रक्रिया है उन्होंने कहा कि छात्र/छात्राएं अपने व्यवहार,अपनी शिक्षा,अपने हुनर तथा अपनी जिम्मेदारी का सही प्रकार से निर्वहन कर हमेशा सबको याद रहेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे शिक्षा के साथ ही साथ समाज और देश के जिम्मेदार नागरिक बनें तथा जहां भी रहे अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करते रहें। उन्होंने कहा कि समाज के साथ-साथ विद्यालय परिवार और माता-पिता को आप से बहुत अपेक्षाएं हैं जिसको पूरा करना आपकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आप अच्छा कार्य करके समाज और देश का भला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं की परख होती है और सभी के भीतर प्रतिभा छिपी होती है उसको पहचानिए।इस दौरान हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के बच्चों को विद्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा परीक्षा किट देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान बच्चों द्वारा अध्यापकों समेत समस्त विद्यालय स्टाफ को सम्मानित किया गया।इस दौरान मुख्यरूप से डायरेक्टर गुफरान आजम, मोहम्मद आमिर,शाहिद हुसेन,जाहिद हुसेन,शबाना खातून,मैनावती रू खैरातून खातून,रामकेश,संदीप कुमार, रामशंकर यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संपूर्णता अभियान 2.0 का कपकोट में शुभारंभ।

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता, नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आकांक्षी ब्लॉकों में समग्र विकास को गति देने हेतु संचालित ह्यसंपूर्णता अभियान 2.0ह्व का शुभारंभ शनिवार को आकांक्षी विकासखंड कपकोट में हुआ। मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी ने भी कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। सीडीओ तिवारी नेशुभारंभ अवसर पर अभियान के अंतर्गत निर्धारित संकेतकों में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किए जाने हेतु उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी आर सीतिवारी ने बताया कि ह्यसंपूर्णता अभियान 2.0ह्व के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं पशुपालन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का उद्देश्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि कपकोट जैसे पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्रों में मूलभूत सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके।शिक्षा विभाग को विशेष निर्देश दिए गए कि निर्धारित संकेतकों में प्रगति सुनिश्चित की जाए, वहीं अन्य समस्त विभागों को भी संबंधित संकेतकों में निरंतर प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।ह्यसंपूर्णता अभियान 2.0ह्व का संचालन 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। इस अवधि में आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। अभियान के अंतर्गत छः प्रमुख संकेतक निर्धारित किए गए

# सेवानिवृत्त ग्राम पंचायत सचिव को दी गई विदाई

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** सेमरियावा ब्लाक में ग्राम पंचायत सचिव रजनी सिंह अपनी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गई। शनिवार को ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी धर्मेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि किसी व्यक्ति का निर्धारित उम्र या सेवा अवधि पूरी होने पर अपने सक्रिय कामकाजी जीवन, नौकरी या व्यवसाय से स्थायी रूप से मुक्त होना। यह करियर के अंत और विश्राम या अन्य व्यक्तिगत गतिविधियों की शुरूआत को दशार्ता है, जिसमें अक्सर पेंशन या बचत का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद दुख होता है लेकिन यह नियम है। जो सेवा में आया है वह रिटायर होगा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) राधेश्याम चौधरी, कुणाल सिंह, प्रवेश सिंह, असदुल्लाह, राहुल यादव, अस्तित्व, विमला यादव, प्रधान प्रतिनिधि मो. हनीफ खान, मो. इनामुल्लाह कुरैशी, अनिल चौधरी, गुलाब चन्द्र, अलाउद्दीन, जावेद अहमद, अब्दुल बाकी, कलीम अहमद, लवकुश चौधरी, योगेंद्र कुमार गौड़, फैजान शालीमार आदि मौजूद रहे।

# सिकंदराबाद भाजपा कार्यालय में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत एस आई आर कॉल सेंटर की मॉनिटरिंग।

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर** । सिकंदराबाद विधानसभा भाजपा कार्यालय सिकंदराबाद में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत रकफ (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कॉल सेंटर पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ विस्तृत मॉनिटरिंग की गई।इस दौरान मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा संशोधन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सिकंदराबाद नगर पालिका चेयरमैन प्रदीप दीक्षित, मंडल अध्यक्ष त्रिवेश गुप्ता, बिलसुरी मंडल अध्यक्ष संजय भराना, तनवीर चौहान, मंडल महामंत्री नवीन गुप्ता, नरेंद्र सैनी, आकाश लाल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कॉल सेंटर के माध्यम से मतदाताओं से संपर्क की प्रक्रिया, प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की जानकारी ली। साथ ही कार्यकताओं को निर्देश दिए गए कि अभियान को पारदर्शी और प्रभावी ढंग से चलाते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सभी ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए इसे सफल बनाने का संकल्प लिया।

# सड़क सुरक्षा माह का समापन, यातायात नियमों के पालन का लिया संकल्प।

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** ।जनपद में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया। शासन द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के सहयोग से माह भर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह दिनांक 31 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे रोडवेज बस स्टैंड, बुलंदशहर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने की। समारोह में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) नीतू शर्मा, यातायात उपनिरीक्षक राजीव कुमार एवं प्रदीप कुमार, उप चिकित्साधिकारी, यात्रीकर अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (बुलंदशहर/खुर्जा/सिकंदराबाद), अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एआरटीओ (प्रवर्तन) नीतू शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप चौधरी ने चालकों, परिचालकों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीड और मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने की अपील की।

# जिलाधिकारी ने किया एसआईआर विशेष अभियान का औचक निरीक्षण

**जहांगीराबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को जिलाधिकारी श्रुति शर्मा व एसडीएम अनूपशहर प्रियंका गोयल ने जहांगीराबाद क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बीपीएएस इंटर कॉलेज व डॉ. अनूपलाल बंसल बालिका इंटर कॉलेज पहुँचकर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने वहां तैनात बूथ लेवल अधिकारियों (इछड) से प्रपत्रों की स्थिति और प्राप्त हो रहे आवेदनों की भी जानकारी ली। उन्होंने बूथ पर मौजूद मतदाताओं और युवाओं से भी वार्ता की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है

# इंदिरा गांधी कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक सम्मान समारोह

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** स्याना के इंदिरा गांधी कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि देवानंद गौतम और सह-अतिथि डॉ. रेखा शर्मा मौजूद रहे। समारोह में छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य चंद्रमुखी, प्रवक्ता आशा वर्मा, अंशु त्रिपाठी, प्रीति पांडे सहित समस्त शिक्षकगण और छात्राएं उपस्थित थीं।समारोह का मुख्य आकर्षण 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2026' पुरस्कार रहा, जो कक्षा 12अ की छात्रा नेहा को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कक्षा 11अ की छात्रा क्षमा को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का समापन छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रधानाचार्य के आभार व्यक्त करने के साथ हुआ। मुख्य अतिथियों में बसपा के मेरठ मंडल प्रभारी संयोजक देवानंद गौतम और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रेखा शर्मा शामिल थे। विद्यालय के अन्य सम्मानित सदस्यों में प्रधानाचार्य चंद्रमुखी, प्रवक्ता प्रीति पांडे, आशा वर्मा, अंशु त्रिपाठी, बड़े बाबू ललित शर्मा, विकास कुमार और सुरक्षा वर्मा

वरिष्ठ बसपा कार्यकर्ता इंद्रपाल रस्तोगी , डॉ रामकुमार सैन, कैप्टन गजेंद्र सिंह विमल, दीपक सभासद, छतर सिंह विमल रिटायर्ड प्रिंसिपल, उपस्थित रहे।

# मनरेगा में बदलाव कर मजदूरों का दमन करना चाहती है भाजपा:प्रज्ञा गौड़

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** शनिवार को डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनरेगा बचाओ संग्राम प्रज्ञा गौड़ के नेतृत्व में विधान सभा क्षेत्र अनूपशहर के गांव तोली के सामुदायिक अंबेडकर भवन में चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें न्याय पंचायत तोली से जुड़े जॉब कार्ड धारक मजदूर सम्मिलित रहे मनरेगा चौपाल को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ ने केंद्र सरकार को मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि मनरेगा गारंटी योजना में 100 दिन की गारंटी हुए गांव गरीब मजदूर की लाइफ लाइन को खत्म करने तथा मजदूरों को रोजगार से वंचित करने के लिए केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना में बदलाव कर गरीबों के हकों पर डाका डालकर किसान नौजवान में व्यापारियों के बाद मजदूर के पेट पर लात मारने का दूसरा हस्त किया है जिसे कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कतई भी नहीं होने देगी मजदूर संगठित होकर कांग्रेस के साथ खड़े हो चौपाल को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने मनरेगा मजदूरों से कांग्रेस द्वारा 10 जनवरी से 25 फरवरी तक लड़ी जा रही मनरेगा बचाओ संगम योजना के अंतर्गत लड़ाई को जोड़कर 10 जनवरी से 25 फरवरी तक कलेक्ट्रेट घेराव लखनऊ विधानसभा घेराव व दिल्ली सांसद का घेराव कर मजदूरों को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ खड़े होकर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने हेतु संघर्ष करने का आह्वान किया बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष प्रभारी सलाम वे संचालन बबलू कुरैशी ने किया बैठक में रायसिंह प्रधान इंतजार अली प्रधान उमेश जाटव देवेंद्र प्रधान जयमल जाटव संजय जाटव मनवीर जाटव पप्पू जाटव निषाद सोमवीर जाटव तेजवीर कुमार आदि सम्मिलित रहे।

# आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, कलेक्ट्रेट में हुई तैयारी समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**जनपद बिजनौर** संत रविदास जयंती, महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा सहित आगामी सभी पर्वों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी जसजीत कौर ने की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और परंपरागत तरीके से मनाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी ऐसा कार्य न किया जाए जिससे किसी समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों। शोभायात्राएं और कांवड़ यात्रा निर्धारित एवं परंपरागत मार्गों से ही निकाली जाएं तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा न शुरू की जाए। उन्होंने धार्मिक गुरुओं और आयोजकों से अपील की कि यदि कहीं किसी प्रकार की समस्या या विवाद की आशंका हो तो समय रहते जिला प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि उसका समाधान पहले ही किया जा सके। जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शोभायात्रा और कांवड़ यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि यात्रा मार्गों पर जर्जर विद्युत तारों को तत्काल ठीक कराया जाए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की संभावना न रहे। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संयुक्त शांति समिति की बैठकें आयोजित कर पूर्व में हुई घटनाओं और समस्याओं की समीक्षा करें। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक में जिले की शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से थानावार समीक्षा की गई।

# 31जनवरी को बूथों पर बीएलओ व पदाभिहित अधिकारी ने आपत्ति



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर** नगीना एस आई आर के संबंध में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुपालन में पोलिंग बूथों पर शनिवार को विशेष अभियान के तहत बीएलओ व पदाभिहित अधिकारी अर्हता के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यकम-2026 तहत दावे व आपत्तियां प्राप्त की गईअपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह के आदेशानुसार पहले 31 जनवरी दिन शनिवार को क्षेत्र के सभी बी एल ओ व पदाभिहित अधिकारी व सुपर वाइजर ने अपने अपने क्षेत्र के पोलिंग बूथ पर रहकर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यकम-2026 तहत दावे व आपत्तियां प्राप्त की।हिंदू इंटर कालेज में विशेषमतदातापुनरीक्षणअभियान (र्रफ) के अन्तर्गत फार्म 6,7 व 8 भरकर नए वोट बनवाने वी किसी भी प्रकार की त्रुटि समाप्त करने में संदीप बाल्मीकि, तलत अहमद व अमित वर्मा आदि सभी बी एल ओ ने वोटरों का सहयोग किया।

## शातिर चोर ने गल्ले से उड़ाए डेढ़ लाख रुपये, सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** नगर स्थित नवीन अनाज मंडी गेट के सामने खल व्यापारी राजकुमार गोयल कि दुकान पर शातिर चोर ने दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। शातिर चोर ने दुकान के बाहर रखी मेज में लगी प्लाई बोर्ड को उखाड़ गल्ले में हाथ डालकर गल्ले में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए। चोरी की यह घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। शातिर द्वारा चोरी की पूरी रिकॉर्डिंग दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में चोर बड़ी चालाकी से प्लाई बोर्ड हटाकर चोरी करता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर व्यापारी ने शनिवार की सुबह वारदात की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे कैमरों की भी जांच शुरू की। दिनदहाड़े हुई इस चोरी से व्यापारियों में दहशत है। उन्होंने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# जिला स्तरीय फ्री शिल्ड बॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजन

**वाराणसी मिजार्मुराद।*** सेवापुरी ब्लॉक के ठठरा गांव स्थित कोटेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण में शनिवार की सुबह जिला स्तरीय फ्री शिल्ड बॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजन किया गया।जिसमें लगभग 40 टीमों ने अपना भाग्य आजमाया। बॉलीबाल खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेवापुरी विधायक नीलरतन पटेल 'नीलू' की पुत्री/प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल ने किया।जय मां कोटेश्वरी देवी बॉलीबाल क्लब के प्रबंधक बालादीन बिन्द, अध्यक्ष सुजीत कुमार सोनकर, उपाध्यक्ष सूरज कुमार सरोज, रमेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के संयोजक ग्राम प्रधान ठठरा सुनील बिन्द ने बताया कि बॉलीबाल प्रतियोगिता में वाराणसी, जौनपुर, मिजार्पुर, गाजीपुर, गोरखपुर, बलिया, देवरिया समेत अन्य जनपदों से आए लोग भाग लिए और प्रतियोगिता देर रात तक चलेगा।

# संत रविदास की जयंती पर आयोजित किया गया विशाल भण्डारा




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**धामपुर।** संत शिरोमणी गुरू रविदास जी की 649 वीं जयंती के उपलक्ष्य में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर धर्मशाला नौरंगाबाद धामपुर में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने भण्डारा प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान संत रविदास जयंती कार्यक्रम के अध्यक्ष सन्तराम सिंह,

उपाध्यक्ष अक्षय कुमार, सचिव रविन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष फूल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, सत्संग समिति के ब्रिजेश कुमार, अनुज, गौतम, चन्द्रवीर, होरी सिंह, धनपत, भण्डारा समिति के रामौतार, नरेश, चमन, विजयपाल, राजेन्द्र, गोविंद सिंह, झांकी समिति के सोनू, विशाल, पुरूषोत्तम अखाडा समिति के गेंदा सिंह, नरेन्द्र, सुनील, प्रशांत, शोभायात्रा समिति के सन्तराम सिंह, बाबू सुधीर गोपाल, सोहनलाल, वेदप्रकाश, संजयसिंह पूजन समिति के राजपाल सिंह एवं हेम सिंह आदि पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# फांसी पर लटका मिला महिला का शव

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** मंडावर क्षेत्र के ग्राम मौहम्मद पुर देवमल में उस समय हड़कंप मच गया जब एक विवाहिता का शव फंदे से लटका पाया गया, सीओ सिटी सहित पुलिस टीम मौ पर पहुंची व अग्रिम कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस संबंध में समाचार लिखे जाने तक मृतिका दामिनी के पिता ने मंडावर थाने में मृतका के पति व ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के विरुद्ध हत्या किए जाने की तहरीर सौंपी है। वही इस संबंध में सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि सुबह सूचना प्राप्त हुई कि मंडावर क्षेत्र के ग्राम मौहम्मद पुर देवमल के रहने वाले अभिषेक की पत्नी दामिनी ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली है, तत्पश्चात स्थानीय पुलिस व उन्होंने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया, शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। तहरीर प्राप्त कर के सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है व मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# आर आर पब्लिक स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग की विभिन्न रेस स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन किया गया । प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने फीता काट कर किया। खेल शिक्षक जीवन सिंह के अनुसार बालक वर्ग से पांच से सात आयु वर्ग में लक्ष्य ने गोल्ड शिव सेहल ने सिल्वर सात से नौ आयु वर्ग में मोहम्मद अरहम ने गोल्ड, रवदीप सिंह ने सिल्वर, सम्राट प्रताप ने ब्रांन्ज नौ से ग्यारह आयु वर्ग में लव्य गर्ग ने गोल्ड, विकसित ने सिल्वर, आरुष ने ब्रांन्ज ग्यारह से तेरह आयु वर्ग में सूर्य प्रताप ने गोल्ड, रबल ने सिल्वर, कृष्णा ने ब्रांन्ज मेडल प्राप्त किया। बालिका वर्ग से सात से नौ आयु वर्ग में भव्या सिंह ने गोल्ड, कनिष्का सिंह ने सिल्वर आरोही ने ब्रांन्ज मेडल प्राप्त किया। वहीं दूसरी और इनलाइन स्केटिंग प्रतियोगिता में नौ से ग्यारह आयु वर्ग में मनदीप ने गोल्ड, प्रियांक ने सिल्वर, व देव ने ब्रांन्ज मेडल प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, जीवन सिंह, कपिल कुमार, अजय सिंह, सुशांत मेहरा आदि मौजूद रहे।

# निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर सुधा में दोनों बीएलओ अनुपस्थित तथा प्राथमिक विद्यालय तिमारपुर के मुख्य द्वार पर मिला बंद ताला

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बिजनौर तहसील क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ की उपस्थिति एवं उनके कार्य प्रगति का मुआयना किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर सुधा में स्थापित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया, जहां दोनों बीएलओ अनुपस्थित पाई गई। स्कूल में उपस्थित सहायक अध्यापक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यहां पर दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री बीएलओ श्रीमती जैनब एवं श्रीमती कीसा तैनात हैं। उसके बाद उन्होंने आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज शाहबाजपुर का निरीक्षण किया जहां दो बीएलओ श्री जसवंत कुमार शिक्षामित्र तथा जितेंद्र सिंह अनुदेशक उपस्थित पाए गए। दोनों ब्लू ने बताया कि आज कोई फॉर्म नहीं भरा गया है। जिलाधिकारी द्वारा फार्मों की उपलब्धता के बारे में मालूम किए जाने पर बताया गया कि फॉर्म 6 कम संख्या उपलब्ध हैं जबकि फार्म 7 मतदान केंद्र पर मौजूद नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए की फॉर्म 6 और फॉर्म 7 दोनों पर्याप्त संख्या में बूथों पर रखें और यदि कोई मतदाता बूथ पर आने में असमर्थ है तो गांव में जाकर उनसे फार्म भरवाना सुनिश्चित कराएं।

# अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया




**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर ओवरब्रिज पर शनिवार को साढ़े ग्यारह बजे के आसपास वाराणसी के तरफ से प्रयागराज के तरफ जा रहे बाइक सवार एक युवक को अज्ञात ट्रक ने जोरदार धक्का मार दिया।जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर तुरंत मौत हो गया।घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक गाड़ी समेत प्रयागराज की तरफ भाग निकला। जानकारी के अनुसार मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के करसड़ा गांव निवासी राजन बिन्द उम्र (25) वर्ष पुत्र स्व.शिवकुमार बिन्द मंडुवाडीह स्टेशन पर सामान रखने उतारने का कार्य करता है।ड्यूटी पूरी कर के युवक घर जा रहा था जैसे रूपापुर ओवरब्रिज पर पहुंचा पीछे से आ रही अज्ञात ट्रक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर तुरंत मौत हो गया।वही बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।राहगीरों ने घटना की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया।सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई मधुसूदन त्रिपाठी ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शिवपुर मर्चरी हाउस भेजवा दिया।युवक की पहचान पुलिस द्वारा गाड़ी नंबर के आधार कर के परिजनों को घटना के बाबत सूचना दिया गया।मृतक युवक दो भाइयों में छोटा था।मृतक युवक की शादी बीते 2025 में जून महीने में जौनपुर हुआ था।युवक का बड़ा भाई कृष्णा बिन्द मुम्बई रहकर काम करता है घटना की सूचना पर घर के लिए निकल पड़ा वही मृतक की पत्नी रंजना देवी व मां सुमारी देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।वही ग्रामीणों व प्रत्यदर्शियों ने बताया की युवक हेलमेट लगाया हुआ था लेकिन टक्कर इतनी जोरदार की हेलमेट फटकर अलग-अलग हो गया और युवक का सिर बीच से फट गया।

# भगवन्त पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 का विदाई समारोह आयोजित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**चांदपुर।** भगवन्त पब्लिक स्कूल नूरपुर रोड चांदपुर में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय से प्राप्त ज्ञान, संस्कार और अनुशासन ही जीवन में सफलता का आधार बनते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस मौके पर उप-प्रधानाचार्य नितिन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे विद्यालय की गरिमा बनाए रखते हुए देश और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनें। वरिष्ठ समन्वयक दीपक कुमार , ह्रदेश शर्मा गौरव, कुमार, प्रतिभा ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को अपने जीवन को श्रेष्ठ बनने व समाज और देश के लिए अच्छे कार्य करने का संदेश देकर शुभकामनाएं दी। समारोह में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्ष 11 की छात्राएं कनक राजपूत व शिखा ठाकुर ने किया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों एवं विद्यालय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में वाणी राठी को मिस फेयरवेल व फरमान को मिस्टर फेयरवेल चुना गया।अंत में विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह एवं भावुकता से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस का द्वितीय एकदिवसीय शिविर संपन्न

वेलकम इंडिया




**कांधला।** संवाददाता मोहसिन रहमानी नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें-उठें, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे-जगे के साथ किया गया। प्रथम सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार ने छात्राओं को योगाभ्यास कराया, जिसके पश्चात छात्राओं ने शिविर स्थल के आसपास पेड़-पौधों की सिंचाई कर स्वच्छता अभियान चलाया।दूसरे सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित विषय कौशल विकास हेतु युवा को केंद्र में रखते हुए राजकीय पॉलिटेक्निक जसाला द्वारा तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रवक्ता कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए पॉलिटेक्निक जैसी संस्थाओं का संचालन कर रही हैं, जहां अध्ययन कर युवा अपने कौशल को विकसित कर सकते हैं। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू द्वारा किया गया। इस दौरान सैकड़ो छात्राए, विद्यालय का स्टाफ सहित आदि मौजूद रहे।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान चलाकर जमीनी स्तर पर कराया मतदाता सूची का शुद्धिकरण: राजकुमार भुर्जी

**बुलंदशहर /** स्याना जनपद बुलंदशहर की स्याना विधानसभा में ₹मतदाता गहन पुनरीक्षण₹ अभियान को सफल बनाने के लिए अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता ने सक्रियता से जमीनी स्तर पर कार्य कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण और नए मतदाताओं को जोड़ना सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया विवेकानंद बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल (स्याना) के बुथ संख्या 134,135,136,137,138,139,खण्ड विकास कार्यालय के बूथ संख्या 131,132,133,और कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय (भैसोड़ा) के बुथ संख्या 152,153,154 पर मतदाता गहन पुन निरीक्षण अभियान में शामिल होकर नए वोटर बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने इस मौके पर कहा कि विशेष रूप से बूथ स्तर पर की गई यह मेहनत चुनाव के समय निर्णायक साबित होती है।इस अवसर पर राजकुमार भुर्जी जिला अध्यक्ष, मोहित शर्मा, पुरुषोत्तम सैन जिला उपाध्यक्ष,गोपाल शर्मा जिला अध्यक्ष बौद्धिक मंच, सतीश लोधी, लक्ष्मण भुर्जी आदि।

# 102 एंबुलेंस कर्मियों का सम्मान, उत्कृष्ट सेवा पर मिला प्रशस्ति पत्र

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवाददाता मोहसिन रहमानी नगर के स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात 108 व 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सीएमओ डॉ. अनिल, एसीएमओ डॉ. अतुल बंसल, एसीएमओ डॉ. अश्विनी एवं प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने एंबुलेंस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अनिल ने कहा कि 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं सराहनीय कार्य कर रही हैं और यह कर्मियों की सच्ची देशभक्ति का परिचायक है, जो पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ दिन-रात मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को घर से अस्पताल तक समय पर पहुंचाकर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस सेवाओं का उद्देश्य मरीजों को त्वरित, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधा प्रदान करना होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। सीएमओ ने सभी एंबुलेंस कर्मियों को निर्देश दिए कि संभावित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए एंबुलेंस को हॉटस्पॉट क्षेत्रों में तैनात रखें, जिससे जरूरतमंद मरीज तक कम से कम समय में पहुंचा जा सके। कार्यक्रम में जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी, मंडल प्रभारी जयविंदर सिंह सहित पायलट नितिन कुमार, शौकिन्द्र, पंकज, मोहनलाल, अनुज कुमार, विकास कुमार, कमल, प्रवेश तथा ईएमटी दिलशाद, फारूख, अभिषेक, सत्यवीर, गजेंद्र, दिलशाद, साहिब आलम आदि उपस्थित रहे।

# सेवा निवृत्ति पर सम्मान,भावनात्मक संबंध...!



वेलकम इंडिया

**इन्दौरः- 30 जनवरी**, मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इन्दौर के मुख्य अभियंता कामेश श्रीवास्तव जी एवं सिविल विंग के मुख्य अभियंता गिरीश व्यासजी के सेवानिवृत्त होने पर मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन व्दारा अधिकारी व्दय के भावभीने गरिमामय समारोह में एन के यादव झोनल सेक्रेट्री, फेडरेशन इन्दौर ने कहा कि सेवानिवृति पर स्वागत, अभिनंदन समारोह आयोजित करना सम्मान और भावनात्मक संबंध होने का उदाहरण है। इसीलिए इतनी तादाद में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना यही भाव प्रकट करता है। अधिकारी व्दय ने फेडरेशन के अविस्मरणीय सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि भले ही संस्थान से बिदाई हो रही है लेकिन आत्मीयता बरकरार रहेगी। इस अवसर पर देवास के मकसूद पठान ने इत्र की महक के साथ-साथ पशमीना शॉल से एवं सर्वश्री मदन वर्मा ₹माणिकर₹ (कवि एवं लेखक), उम्मेदसिंह राजपूत, जे एल जोशी, संजय सकरगाये, वीरेन्द्र मिश्र, सुरेन्द्र पटेल, अंबालाल काले, सतीश पुंडलीक, उमेशसिंह, कैलाश वर्मा, मौनू स्वामी, बुरहानपुर के संजय चौधरी ने पुष्पमालाओं से एवं प्रियंका यादव और स्वाति वक्ते ने पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया।

इसी कड़ी में बसंत श्रीवास्तव, निजसचिव का भी फेडरेशन इन्दौर ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया।

# डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौके पर दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया





**शिकारपुर।** मेरठ बदायूं हाईवे के गांव समनपुर मार्ग के पास शनिवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को रौद दिया था। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले में पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार शिकारपुर तहसील क्षेत्र के खेलिया कल्याणपुर निवासी सलीम 30 वर्ष पुत्र रफीक खान अपनी बाइक से शिकारपुर से अपने गांव की ओर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक मेरठ बदायूं हाईवे पर गांव समनपुर मार्ग के पास पहुंची, तभी विपरीत दशा से रोड़ी से भरे डंपर ने उसे रौद दिया सलीम डंपर के नीचे आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही 112 की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचे पुलिस ने हाइवे पर लगे जाम को खुलवाया और यातायात को सामान्य करवाया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया है कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है। फरार डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, और उसकी तलाश की जा रही है।

## पुलिस ने जुआ खेलते 7 गिरफ्तार।

**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव रूखी से पुलिस ने सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस को गांव रूखी के प्राइमरी स्कूल के पास जुआ खेलते आनंद मुनेश नसीम रोहित दिलशाद व इंतजार को मौके से हिरासत में लिया है।और मौके से उनके पास से 1640 रुपए नगद व ताश के पत्ते बराबद हुए हैं।चौकी प्रभारी बुगरासी अजीत सिंह ने बताया है कि सातों का संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया है।पकडने वाली टीम में चौकी प्रभारी बुगरासी अजीत सिंह एसअआई विकास कुमार एसआई देवेन्द्र भारती सिपाही गौरव व रविन्द्र कुमार रहे।

## क्षेत्र में पुलिस हूटर व प्रैस लिखे लगे वाहनों की भरमार पुलिस मौन

**बुगरासी।** आजकल क्षेत्र में हूटर लगे वाहनों की भरमार है लेकिन न जाने क्यों पुलिस देखकर भी अनदेखा कर रही है।ये हूटर लगे वाहन स्वामी चौकी थानों वाहनों के आगे से बेरोकटोक निकल जाते हैं जबकि निश्चित ही कोई ना कोई गैर कानूनी काम करते होंगे।कुछ तो रौब दिखाने के लिए प्रैस लिखवाकर चलते हैं क्योंकि प्रेस लिखे वाहनों को पुलिस रोककती ही नही है कि कौन आफत मोल ले इन प्रैस वालों से कभी कभी तो ये हूटर लगे वाहन काफी दूर से हूटर बजाना शुरू कर देते हैं तो ये भी पता नही लग पाता कि कोई एम्बुलेंस है या पुलिस अधिकारी हैं या कोई मंत्री महोदय आये है। जबकि हाईकोर्ट की हूटर बजाने पर भी पाबंदी है।तो क्या फायदा पाबंदी का जब हूटर रात दिन बजाकर दौडती गाडियां कस्बों और शहरों व गांवों मे दनादन बजाये जा रहे हैं। आखिर पुलिस क्यों एक्शन नही लेती।

# लेखिका ममता सोनी को मिलेगा डॉ. परमार पुरस्कार

डॉ. शंभु पंवार



**नई दिल्ली,31 जनवरी।** प्रसिद्ध लेखिका, साहित्यकार, समाजसेविका तथा कला भारती की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हील्स फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती ममता सोनी को उनके बहुआयामी साहित्यिक योगदान और सामाजिक सरोकारों के लिए डॉ. परमार पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह भव्य सम्मान समारोह हिमाचल प्रदेश की सिरमौर कला संगम द्वारा संस्था के स्थापना दिवस एवं संस्थापक पहाड़ी मृणाल के जन्मदिन के अवसर पर 28 जून को आयोजित किया जाएगा।

श्रीमती ममता सोनी (दिल्ली) समकालीन हिंदी साहित्य की एक सशक्त, संवेदनशील और कर्मठ रचनाकार के रूप में प्रतिष्ठित हैं। वे न केवल एक उत्कृष्ट लेखिका हैं, बल्कि साहित्यकार, गजलकारा, रेडियो एंकर और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी उनकी विशिष्ट पहचान है। साहित्य के माध्यम से समाज की पीड़ा, स्त्री चेतना, मानवीय मूल्यों और सामाजिक बदलाव को स्वर देने वाली ममता सोनी की रचनाओं में संवेदना और यथार्थ का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है।अब तक उनकी 9 पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है,जबकि 4 पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं। उनका लेखन विविध विधाओं में विस्तृत है और पाठकों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय है। साहित्य के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है। कला भारती एवं हील्स फाउंडेशन के माध्यम से उन्होंने सांस्कृतिक उत्थान, सामाजिक जागरूकता और मानवीय सेवा के अनेक कार्य किए हैं। श्रीमती ममता सोनी को इससे पूर्व भी अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें सूरज प्रकाश मारवाह साहित्य रत्न अवॉर्ड, सरोजिनी नायडू अवॉर्ड ,नाइजीरिया से मानद डॉक्टरेट सहित कई प्रतिष्ठित सम्मान शामिल हैं। उनकी इस नवीन उपलब्धि पर राजधानी सहित देशभर की साहित्यिक संस्थाओं और ख्यातिनाम साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।आपको बता दे कि सिरमौर कला संगम एक प्रतिष्ठित संस्था है, जो वर्ष 1958 से निरंतर सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में सक्रिय है और अब तक 800 से अधिक विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित कर चुकी है। ऐसे प्रतिष्ठित मंच से डॉ. परमार पुरस्कार का प्रदान किया जाना ममता सोनी के व्यक्तित्व और कृतित्व की व्यापक स्वीकृति का प्रमाण है। यह सम्मान न केवल श्रीमती ममता सोनी की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समकालीन हिंदी साहित्य और सामाजिक चेतना के क्षेत्र के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण माना जा रहा है।

# राष्ट्रीय गौरव अवार्ड-2026 से पुरस्कृत हुए फौजी प्रवीण तोमर

वेलकम इंडिया



**बागपत। विवेक जैन।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पराक्रम दिवस पर दिल्ली के रोहिणी में स्थित टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीस में भारत गौरव अवार्ड समारोह-2026 का शानदार आयोजन किया गया। इस मौके पर बागपत के वाजिदपुर गांव के रहने वाले फौजी प्रवीण तोमर के कार्यों को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय गौरव अवॉर्ड- 2026 से पुरस्कृत किया गया और उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। फौजी प्रवीण तोमर जेसलमेर राजस्थान में तैनात है और देश की सेवा में लगे हुए है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर व ऑपरेशन पुलवामा में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। हर कोई व्यक्ति उनके कार्यों की सराहना कर रहा है और उनसे प्रेरणा लेने की बात कह रहा है। उन्हें राष्ट्रीय गौरव अवार्ड-2026 से पुरस्कृत होने पर उन्हें अनेक लोगों ने बधाई दी है। इस मौके पर कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव परमवीर चक्र विजेता, एडवोकेट कूमर इंद्रनील कॉर्डिनेटर, डॉ भरत झा कनवेनर, जतिन राणा को-कनवेनर, डीएफएस के पूर्व चीफ व तीन बार के राष्ट्रपति पदक विजेता डॉ धर्मपाल भारद्वाज, इंटरनेशनल अवार्डी व महामहिम राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित सीनियर जर्नलिस्ट विपुल जैन समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# अविका मेकओवर ब्यूटी पार्लर का बड़ौत में हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**बागपत। विवेक जैन।** बडौत के बिनोली रोड स्थित वर्धा ज्योति कॉलोनी में अविका मेकओवर ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ हो गया। इस मौके पर यू-टयूबर पारूल चौधरी व इंटरनेशनल अवार्डी व महामहिम राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित सीनियर जर्नलिस्ट विपुल जैन अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने फीता काटकर अविका मेकओवर ब्यूटीपार्लर का शुभारंभ किया। उनका यहाँ पहुँचने पर अविका मेकओवर मेघा गुप्ता, प्रवीण तोमर व निखिल चौहान ने फूल माला पहनाकर व फूल बुग्गा भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर मेघा गुप्ता ने कहा कि उनके ब्यूटीपार्लर में मेकअप से जुड़े हर कार्य बहुत ही रियायती दरों पर किये जाएंगे। कस्टमर की संतुष्टि ही उनका पहला उद्देश्य होगा। बताया कि उनके ब्यूटी पार्लर द्वारा होम सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिये पहले फोन से बुकिंग करानी होगी और उसके बाद घर पर जाकर ही मेकअप से जुड़े सभी कार्य किए जाएंगे। ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ करने पर उन्हें पारूल चौधरी व विपुल जैन ने बधाई दी और उनके पार्लर की दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करने की कामना की। इस मौके पर संजीव गुप्ता, रेखा गुप्ता, बबीता देवी, तनु देवी आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# "मयार्दा पुरुषोत्तम : भगवान श्री राम" काव्य में आदर्श जीवन

वेलकम इंडिया

बिहार के सीवान जिले के चैनपुर गाँव के युवा साहित्यकार, कवि एवं लेखक, पाँच पुस्तकों के रचनाकार तथा पूर्व में चार पुस्तकों के सफल संपादक रूपेश कुमार द्वारा संपादित पुस्तक ह्लमयार्दा पुरुषोत्तम : भगवान श्री रामह्व एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण, भावपूर्ण और विचारोत्तेजक साहित्यिक कृति है। इस पुस्तक में भगवान श्री राम के आदर्श जीवन, उनके गुणों, मयार्दाओं और पुरुषार्थ का विविध कवियों द्वारा अपनी-अपनी साहित्यिक रचनाओं के माध्यम से प्रभावशाली एवं सार्थक चित्रण किया गया है। इस संग्रह में कुलदीप सिंह रुहेला, सुमन झा ह्यमाहेह्ल, गरिमा लखनवी, आकाश शर्मा ह्यआजादह्ल, रेखा चौरसिया, पूनम जैन अग्रवाल ह्यचाँदनीह्ल, शाहाना परवीन ह्यशानह्ल, सुनील कुमार ह्यसत्यार्थीह्ल, संध्या चतुवेर्दी, वर्तिका अग्रवाल ह्यवरदाह्ल, दया भट्ट ह्यदयाह्ल, डॉ. अनामिका वैश्य ह्यआईनाह्ल, अतुल कुमार शर्मा, डॉ. सुनीता मिश्रा, मुन्नी कुमारी, डॉ. टीना राव, डॉ. सुमन शर्मा, देवेंद्र कुमार शर्मा, गीता रानी, नरेंद्र सिंह भरथला ह्यकुंवर साह्ल, संजय ह्यसरलह्ल, श्रद्धा सिंह ह्यविदुषीह्ल, अनीता सिंघल, नीतू नागर ह्यअंबरह्ल, कवि प्रशांत सोऊ, भक्ति दीपक, रजत त्यागी, डॉ. कुमारी प्रियंका, योग्यता राज चौहान, महेंद्र कुमार मिठारवाल, आर्ची कुमारी, जगदीश प्रसाद गबेल, देवाशीष तिवारी, डॉ. शरद शर्मा, रुचिता माथुर, श्रीनिवास यन, डॉ. प्रशांत पंकज, डॉ. ऋचा बिश्वाल, उज्जवल कुमार श्रीवास्तव, सत्य सुरेन्द्र, श्रीमती पुष्पा गबेल, डॉ. सरला सिंह ह्यस्निग्धाह्ल, डॉ. कनक लता जैन, डॉ. नम्रता कुमारी, इन्दु कुमारी, जयति नारायण तिवारी, डॉ. सोनल मिश्रा एवं डॉ. नीलू शुक्ला ह्यसमीरह्ल जैसे प्रतिष्ठित कवि-कवयित्रियों की रचनाएँ सम्मिलित हैं। इन सभी साहित्यकारों ने अपने-अपने भावबोध, शैली और दृष्टिकोण से भगवान श्री राम के धर्म, कर्तव्य, त्याग, करुणा, सत्य, निष्ठा और आदर्श पुरुषार्थ का अत्यंत मार्मिक एवं प्रेरणादायक चित्रण किया है। यह कृति केवल एक काव्य-संग्रह भर नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और आदर्शों की सशक्त एवं जीवंत प्रस्तुति है। संपूर्ण रूप से यह पुस्तक भगवान श्री राम के चरित्र को आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुत करते हुए पाठकों को नैतिकता, मयार्दा और जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करती है। संपादक रूपेश कुमार का यह साहित्यिक प्रयास निश्चय ही प्रशंसनीय है, जिसने इतने विविध और सशक्त रचनाकारों को एक सूत्र में पिरोकर एक उत्कृष्ट और स्मरणीय साहित्यिक ग्रंथ का स्वरूप प्रदान किया है।



# एसआरएम आईएसटी में विशेष दीक्षांत समारोह का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएम आईएसटी), दिल्ली-एनसीआर परिसर, गाजियाबाद में विशेष दीक्षांत समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित समारोह में डॉ. रवि पंचमुथु, प्रो चांसलर (प्रशासन) ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की और दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। उनकी प्रेरणादायी उपस्थिति ने समारोह को विशेष गौरव प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शैक्षणिक शोभायात्रा एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। इसके पश्चात डीन प्रो. आर. पी. महापात्रा द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि, कुलपति, विशिष्ट अतिथियों, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया। इसके




उपरांत प्रो. सी. मुथमिझचेलवन, कुलपति, एसआरएम आईएसटी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान प्रगति, नवाचार, आधारभूत संरचना के विकास तथा भावी शैक्षणिक योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। दीक्षांत समारोह में एसआरएम यूनिवर्सिटी, सोनीपत के कुलपति, रजिस्ट्रार तथा संस्थान के निदेशक डॉ एस विश्वनाथन की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और एसआरएम समूह के विभिन्न परिसरों के मध्य अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ किया। इस अवसर पर कुल 1267 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 21 पीएच.डी. उपाधियाँ सम्मिलित रहीं। इसके साथ ही 33 विद्यार्थियों को रैंक होल्डर के रूप में सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में सुश्री अभ्या जैन को रजत पदक प्रदान किया गया, जिसने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई तथा इसके पश्चात दीक्षांत समारोह का विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं शैक्षणिक शोभायात्रा की वापसी के साथ हुआ।

यह विशेष दीक्षांत समारोह एसआरएम आईएसटी दिल्ली-एनसीआर परिसर के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि सिद्ध हुआ, जिसने शैक्षणिक उत्कृष्टता का उत्सव मनाते हुए राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित भावी पीढ़ी को प्रेरित किया।

# सपा ने परविंदर चौधरी को बनाया गाजियाबाद का जिला उपाध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** समाजवादी पार्टी द्वारा जनपद गाजियाबाद की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए परविंदर चौधरी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार मोदीनगर निवासी परविंदर चौधरी को समाजवादी पार्टी गाजियाबाद का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वरिष्ठ नेताओं एवं समर्थकों ने परविंदर चौधरी को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे संगठन को मजबूत करने, जनसमस्याओं को उठाने और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष परविंदर चौधरी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

# गिरवी गहनों के विवाद में चली गोलियां, इलाके में दहशत

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुरम के आई–ब्लॉक में शुक्रवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब गिरवी रखे सोने के आभूषणों की वापसी को लेकर हुए विवाद में फायरिंग हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, जबकि हर्ष गर्ग के साथ आए रिंकू नामक युवक के हाथ में गोली लगने से उसकी हालत गंभीर हो गई। पुलिस के अनुसार गोविंदपुरम आई–ब्लॉक स्थित भवन संख्या 700 में रहने वाले गौरव गोयल के मकान पर यह वारदात हुई। जांच में सामने आया है कि शास्त्रीनगर एच–ब्लॉक निवासी हर्ष गर्ग ने गौरव गोयल से करीब आठ लाख रुपये लिए थे, जिसके एवज में उसने 102 ग्राम सोने के जेवरात गिरवी रखे थे। हर्ष गर्ग काफी समय से अपने आभूषण वापस मांग रहा था। शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे हर्ष गर्ग अपने साथियों रिंकू, जुबेर और नितिन के साथ गौरव गोयल के मकान पर पहुंचा। उस समय वहां गौरव गोयल के अलावा उसका भाई नितिन गोयल और अन्य लोग भी मौजूद थे। गहनों की वापसी को लेकर बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। इसी दौरान मौके पर फायरिंग शुरू हो गई। पुलिस का कहना है कि फायरिंग के दौरान रिंकू के हाथ में गोली लगी, जबकि हर्ष गर्ग की कार में भी गोलियां लगने के निशान मिले हैं। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग चोटिल हुए हैं। सूचना मिलने पर एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य और थाना प्रभारी अनुराग शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। गौरव गोयल ने कविनगर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि हर्ष गर्ग और उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट की और गोली चलाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की हर पहलू से जांच की जा रही है। आरोपियों की भूमिका की जांच के साथ ही फायरिंग के कारणों को भी खंगाला जा रहा है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों के धरने से थमा एक्सप्रेसवे का काम

गाजियाबाद। दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर गांव तलहेटा के पास उतार–चढ़ाव की मांग को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया, जिसके चलते निर्माण कार्य रुकवा दिया गया। किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि तय समय सीमा बीतने के बाद भी कोई अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने बताया कि तलहेटा गांव के पास एक्सप्रेसवे पर उतार–चढ़ाव की मांग को लेकर पहले भी 27 दिनों तक धरना दिया गया था। उस दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा 15 दिन के भीतर एनएचएआई अधिकारियों से वार्ता कराने का आश्वासन दिया गया था, जिसके बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया था। किसानों का आरोप है कि समय सीमा समाप्त होने के बावजूद उनकी मांगों पर कोई बातचीत नहीं कराई गई। शनिवार को भाकियू नेता कुलदीप त्यागी सैकड़ों किसानों के साथ एक्सप्रेसवे पर पहुंचे और निर्माण कार्य बंद करा दिया। उन्होंने कहा कि उतार–चढ़ाव के साथ–साथ अन्य समस्याओं को लेकर भी मांगें रखी गई थीं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। एनएचएआई का कोई भी अधिकारी वार्ता के लिए नहीं आया, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ गया।

सूचना मिलने पर शाम के समय उपजिलाधिकारी अजीत सिंह धरनास्थल पर पहुंचे और किसानों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ, लेकिन किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान भाकियू के जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष जयकुमार मलिक, कुलदीप त्यागी, राम अवतार त्यागी, संजय प्रधान, सत्येंद्र तेवतिया, रामकुमार, महेश सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में 24 घंटे के राष्ट्रीय हैकाथॉन स्नोहैक-आईपीईसी का भव्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद,( अनिल वशिष्ठ)।** तकनीकी नवाचार, रचनात्मक सोच और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में 24 घंटे के राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन ह्यस्नोहैक-आईपीईसीह्न का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस आयोजन को लेकर छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। देश के विभिन्न राज्यों से 2,000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से चयनित 85 टीमों के लगभग 300 प्रतिभागी मुख्य प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। हैकाथॉन में स्थानीय तकनीकी संस्थानों के साथ-साथ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) एवं देश के अन्य प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षण संस्थानों के छात्र भी शामिल हुए हैं,



जिससे प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शीर्ष तीन टीमों के लिए 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। कॉलेज प्रशासन द्वारा प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क पंजीकरण, तथा 24 घंटे तक चलने वाले आयोजन के दौरान भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों द्वारा विकसित नवोन्मेषी परियोजनाओं का मूल्यांकन देश-विदेश की प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों एवं वरिष्ठ मानव संसाधन विशेषज्ञों की जूरी द्वारा किया जा रहा है। मूल्यांकन के प्रमुख मानदंडों में परियोजनाओं की व्यावहारिक उपयोगिता, नवाचार, तकनीकी गुणवत्ता तथा सामाजिक-औद्योगिक प्रभाव शामिल हैं। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में नवाचार और तकनीकी दक्षता अत्यंत आवश्यक है। वहीं, संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार सोलंकी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को टीमवर्क, समय प्रबंधन और समस्या-समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. एस. पी. सिंह एवं डॉ. अरविंद तिवारी ने बताया कि हैकाथॉन का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक औद्योगिक चुनौतियों से परिचित कराते हुए नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# ढाबे पर खाने के विवाद ने लिया खूनी रूप, दो युवकों की मौत

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र के कागज मार्केट स्थित वैष्णो ढाबे पर शुक्रवार देर रात मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गई। खाने को लेकर हुए विवाद में चाकू और पत्थर से किए गए हमले में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार घटना रात करीब साढ़े दस बजे की है, जब ढाबे पर मौजूद सत्यम, अनुराग और श्रीपाल का दूसरे पक्ष से विवाद हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान चाकू और पत्थर से हमला किया गया, जिसमें तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सत्यम और श्रीपाल को मृत घोषित कर दिया। अनुराग की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। डीसीपी निमिष पाटील ने बताया कि घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मौके पर सुरक्षा बढ़ा दी है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई का एक दिवसीय शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई बी एवं सी द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के निदेर्शानुसार किया गया। शिविर का शुभारंभ इकाई बी एवं इकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शालू देवी एवं श्रीमती राखी शर्मा के निर्देशन में लक्ष्य गीत गाकर किया गया। इस शिविर का विषय '≈नैतिक नेतृत्व और नागरिक उत्तरदायित्व≈ रहा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रियंका, असिस्टेंट प्रोफेसर, मान्यवर काशीराम गवर्नमेंट गर्ल्स पीजी कॉलेज, रहीं। इस विषय पर उन्होंने व्याख्यान द्वारा स्वयंसेविकाओं को ≈मैं नहीं, तुम≈ के मूलमंत्र के साथ निस्वार्थ सेवा, ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित




किया। उन्होंने यह भी कहा की यह युवाओं को चरित्र निर्माण, लोकतांत्रिक नेतृत्व कौशल, समुदाय के विकास और सामुदायिक समस्याओं के समाधान में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करता है। अंत में शिविर का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया एवं मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका ने उपस्थित सभी स्वयंसेविकाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। शिविर को सफल बनाने में श्रीमती आशी गुप्ता एवं श्रीमती गायत्री शर्मा का पूर्ण सहयोग रहा।

# यूजीसी नियमों को लेकर बोले पूर्व मुख्यमंत्री, लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका को बताया अनिवार्य

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने यूजीसी द्वारा बनाए गए नए नियमों को लेकर कहा कि झूठी शिकायत करने वालों पर भी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर विस्तृत रूप से अपनी बात रखी थी, लेकिन यूजीसी ने उस सुझाव को स्वीकार नहीं किया। शनिवार को साहिबाबाद के शालीमार गार्डन स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेंद्र राठी के आवास पर उनकी माता के निधन पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे दिग्विजय सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यूजीसी द्वारा बनाए गए नियम सभी राजनीतिक दलों की सर्वसम्मति से दिए गए प्रस्तावों के आधार पर तैयार किए गए हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित मामलों की निगरानी करने वाली समितियों में सभी दलों के प्रतिनिधि शामिल रहते हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति और



जनजाति के छात्रों के साथ पूर्व में हुई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ही यह दिशा-निर्देश बनाए गए हैं। विश्वविद्यालयों के भीतर यदि किसी भी प्रकार का अत्याचार इन वर्गों के छात्रों के साथ होता है, तो उस पर कार्रवाई होना आवश्यक है। प्रश्न यह नहीं है कि नियम क्यों बनाए गए, बल्कि प्रश्न यह है कि पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए या नहीं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज के सभी वर्गों के लिए काम करती रही है। उन्होंने यह भी कहा कि गरीब परिवारों के लिए आरक्षण के प्रस्ताव का भी कांग्रेस ने समर्थन किया था। उन्होंने लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि विपक्ष का अपना एक महत्वपूर्ण स्थान होता है और यदि विपक्ष कमजोर होगा या समाप्त हो जाएगा, तो लोकतंत्र भी जीवित नहीं रह पाएगा।

# वेलेंटाइन को प्रतीक नहीं, प्रेम के वास्तविक अर्थ में समझें

वेलकम इंडिया

वेलेंटाइन डे फिर दस्तक देने वाला है। बाजार सज चुके हैं, सोशल मीडिया पर दिलों की बरसात शुरू हो गई है और प्रेम से भरे दिल अपने-अपने तरीके से इस दिन को खास बनाने की तैयारी में जुटे हैं। कोई सरप्राइज प्लान कर रहा है तो कोई प्रपोज करने की हिम्मत जुटा रहा है तो कोई महंगे गिफ्ट्स की लिस्ट बना चुका है। लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रेम सचमुच इन्हीं प्रतीकों, गिफ्ट्स और एक दिन की भव्यता तक सीमित है? प्रेम को अभिव्यक्त करने के लिए कोई एक दिन तय करना गलत नहीं है। चाहे वसंत पंचमी हो या वेलेंटाइन डे, भावनाओं का इजहार किसी भी दिन किया जा सकता है। समस्या तब शुरू होती है, जब प्रेम का मूल्य उसकी गहराई से नहीं, बल्कि उसके दिखावे से आंका जाने लगता है।



स्नेहा सिंह

आज जिस तरह फिल्मी चमक-धमक, सोशल मीडिया के दबाव और बाजारू संस्कृति के साथ वेलेंटाइन डे मनाया जा रहा है, उसमें रिश्तों की नींव अक्सर कमजोर ही रह जाती है। कई बार जिस व्यक्ति के लिए इस वर्ष अगाध प्रेम उमड़ता है, अगले वर्ष उसका नाम सुनना भी असहज लगने लगता है। भावनाएं स्थिर नहीं होतीं, यह सच है। लेकिन आज के समय में रिश्तों की अस्थिरता कुछ ज्यादा ही सामान्य हो गई है। एक समय जिस व्यक्ति के बिना दिन अधूरा लगता था, वही व्यक्ति अचानक हर जगह से ब्लाक कर दिया जाता है, फोन से, सोशल मीडिया से और दिल से भी। आज के युवाओं के बीच गो विद द फ्लो और सिचुएशनशिप जैसे कांसेप्ट लोकप्रिय हो गए हैं। ये शब्द सुनने में भले ही आधुनिक लगें, लेकिन इन्हीं के कारण रिश्तों में ठहराव और जिम्मेदारी कम होती जा रही है।

# गिन्नी देवी कॉलेज में संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर के तत्वाधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा के कुशल नेतृत्व में तथा हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर गीता त्यागी के कुशल निर्देशन में पहले महाविद्यालय स्तर पर शासन के आदेशानुसार को एक संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय सब की रक्षा सड़क सुरक्षा था। जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कनिका शर्मा बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त करके मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय गाजियाबाद में आयोजित को संभाषण प्रतियोगिता जिसका विषय सुरक्षित वाहन चलाने में युवाओं की भूमिका था प्रतिभाग किया। पूरे जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करके कांशीराम राजकीय महाविद्यालय गाजियाबाद में आयोजित की जाने वाली गाजियाबाद मंडल स्तर पर संभाषण प्रतियोगिता जिसका विषय सुरक्षित वाहन चलाने में युवाओं की भूमिका में गाजियाबाद जनपद का प्रतिनिधित्व किया और पूरे मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। अब कनिका शर्मा गाजियाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर होने वाली संभाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा कनिका शर्मा को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा ने उनकी इस सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना



की साथी समस्त प्रवक्ता में भी उसे ढेर सारी शुभकामनाएं देकर प्रोत्साहित किया। हिंदी विभाग द्वारा महाविद्यालय स्तर पर आयोजित एक समारोह में महाविद्यालय की भूतपूर्व प्राचार्य प्रोफेसर रीता बक्शी तथा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा चित्रकला विभाग की अध्यक्षा ऋषिका पांडे, राजनीति शास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर नूतन सिंह, हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर गीता त्यागी, अर्थशास्त्र विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर सारिका गर्ग, इतिहास विभाग की प्रवक्ता सुश्री रश्मि, गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ता सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा, और चित्रकला विभाग की प्रवक्ता शालू देवी, संस्कृत विभाग के अध्यक्ष कुमारी मंजू कनौजिया ने छात्रा को पुरस्कृत कर प्रेरित और प्रोत्साहित किया। इस समारोह के आयोजन को सफल बनाने में रितु शर्मा पुस्तकालय विभाग खुशबू त्यागी और सुश्री गार्गी गुप्ता राजनीतिक विभाग ज्योति गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ताओं ने अपना मूल्यवान समय देकर प्रेरित किया प्रोत्साहित किया और हिंदी विभाग को अपना सहयोग दिया जिसके लिए इन सभी का हिंदी विभाग की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया जा रहा है।

# अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने निगम की परियोजनाओं का किया निरीक्षण

वेलकम इंक्डिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने शनिवार को नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम मुख्यालय में बने इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, बायोडायवर्सिटी पार्क तथा विजयनगर जोनल कार्यालय की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। नगर निगम मुख्यालय स्थित आई ट्रिपल सी भवन में अपर मुख्य सचिव ने एक ही कार्यालय में संचालित 311 नागरिक सेवा प्रणाली, जन शिकायत निवारण प्रणाली, कंट्रोल रूम, वाहन ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम तथा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के कार्यों को देखा। उन्होंने कहा कि एक ही भवन में जन समस्याओं के समाधान की यह व्यवस्था अत्यंत सराहनीय है और इससे शहरवासियों को त्वरित सुविधा मिल रही है। निरीक्षण के दौरान महापौर सुनीता दयाल, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत चल रहे ट्रायल का लाइव प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव एवं महापौर द्वारा हापुड़ चुंगी चौराहे पर बिना हेलमेट स्कूटी चला रहे वाहन चालक का चालान काटकर प्रणाली की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि कैमरा आधारित यातायात प्रबंधन प्रणाली न केवल ट्रैफिक को सुगम बना रही है, बल्कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी प्रभावी निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही नगर निगम के विभिन्न कार्यों की भी मॉनिटरिंग संभव हो पा रही है। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के माध्यम से 311 एप्लीकेशन, जन शिकायत निवारण प्रणाली, कंट्रोल रूम और वाहन ट्रैकिंग सिस्टम का सफल क्रियान्वयन गाजियाबाद नगर निगम की बड़ी उपलब्धि है। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी और शहरवासियों को जाम से राहत मिलेगी।

# मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल प्रणव कुमार ने डाकघर पासपोर्ट केंद्रों की उपलब्धियों की सराहना की

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विदेश मंत्रालय के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद नागरिकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

इसी क्रम में कार्यालय क्षेत्राधिकार में एक पासपोर्ट सेवा केंद्र गाजियाबाद में तथा 11 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र विभिन्न जनपदों में सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को उनके निकट ही पासपोर्ट संबंधी सुविधाएं मिल रही हैं। नागरिकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा पासपोर्ट सेवा केंद्र एवं डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों में कार्यरत कार्मिकों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में शनिवार को कार्यालय परिसर में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं उत्कृष्ट कार्मिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश परिमंडल के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल प्रणव कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में निदेशक, डाक विभाग अभिषेक सिंह, वरिष्ठ अधीक्षक डाक विभाग विशाल पाठक तथा वरिष्ठ अधीक्षक डाक विभाग नोएडा भूर सिंह शामिल रहे। तकनीकी सहयोगी संस्था की ओर से टीसीएस की प्रतिनिधि सारिका वर्मा भी उपस्थित रहीं। मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल प्रणव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र नागरिकों के लिए अत्यंत सुलभ विकल्प के रूप में उभरे हैं। डाक विभाग के सहयोग से आज उत्तर प्रदेश के अधिकांश लोकसभा क्षेत्रों में ये केंद्र संचालित हो रहे हैं तथा शेष क्षेत्रों में भी शीघ्र ही इनकी स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश के डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों के माध्यम से दो लाख से अधिक पासपोर्ट आवेदनों का निस्तारण किया गया, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

# एक छोटा सा स्वैब, अनगिनत जिंदगियों की उम्मीद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अग्रणी चिकित्सालय यशोदा मेडिसिटी ने स्टेम सेल दान को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल करते हुए 'एक मेल, जो जीवन बचाएज अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को स्टेम सेल दान के महत्व और एक साधारण बकल स्वाब परीक्षण के माध्यम से जीवन बचाने की संभावना के प्रति जागरूक करना रहा। यह जन-जागरूकता अभियान डाट्री स्टेम सेल दान रजिस्ट्री तथा जेनोवा जैव-औषधि लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें आसपास की आवासीय सोसायटियों से बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने न केवल स्टेम सेल दान के प्रति बढ़ती जागरूकता को दशार्या, बल्कि भारत में स्टेम सेल दानदाता रजिस्ट्री के विस्तार की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, भारतीय प्रशासनिक सेवा, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान समाज में स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। चिकित्सकीय विशेषज्ञों ने बताया कि ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, थैलेसीमिया और अन्य गंभीर रक्त विकारों से पीड़ित अनेक मरीजों के लिए अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण ही जीवनरक्षक उपचार होता है। लेकिन 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को परिवार के भीतर उपयुक्त दानदाता नहीं मिल पाता। असंबंधित दानदाता से मेल मिलने की संभावना भी अत्यंत कम होती है, क्योंकि इसके लिए मानव ल्यूकोसाइट एंटीजन का अत्यंत सटीक मेल आवश्यक होता है। ऐसे में एक मजबूत और व्यापक दानदाता रजिस्ट्री जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन सकती है। अभियान के दौरान नागरिकों को यह जानकारी दी गई कि बकल स्वाब परीक्षण पूरी तरह सुरक्षित, त्वरित और बिना किसी पीड़ा के किया जाने वाला परीक्षण है, जो जीवन बचाने की दिशा में पहला कदम बन सकता है।

अभियान के दौरान स्वास्थ्य संवाद और परिचर्चाओं का भी आयोजन किया गया। इनमें थैलेसीमिक्स इंडिया एवं थैलेसीमिया अंतरराष्ट्रीय महासंघ की सचिव सुश्री शोभा तुली, डाट्री की उत्तर भारत प्रमुख सुश्री बिंदिया साहनी सहित कई विशेषज्ञों ने भारत में स्टेम सेल दान व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में 'बोन मैरो प्रत्यारोपण की कहानी, मरीज की जुबानी' श्रृंखला के अंतर्गत मरीजों और स्वस्थ हो चुके लोगों के अनुभव साझा किए गए, जिन्होंने यह स्पष्ट किया कि स्टेम सेल दान किस प्रकार किसी के जीवन को नई दिशा दे सकता है। यशोदा समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. पी. एन. अरोड़ा ने कहा कि स्टेम सेल दान के प्रति जागरूकता फैलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और यह अभियान जनस्वास्थ्य के प्रति यशोदा की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यशोदा समूह की प्रबंध निदेशक डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य स्टेम सेल दान को सरल, सुलभ और व्यापक बनाना है, ताकि समय पर उपयुक्त दानदाता मिलने से मरीजों को नया जीवन मिल सके।

# एकजुटता से ही सम्मान और अधिकार मिलेंगे: बीके शर्मा हनुमान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** समाज और देश के विकास में सवर्ण समाज के योगदान को रेखांकित करते हुए शनिवार को मालीवाड़ा स्थित वोल्गा पैलेस में सवर्ण महासभा के गठन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से संस्था के संरक्षक, संयोजक और सह-संयोजक नियुक्त किए गए। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि समाज और देश पर जब-जब संकट आया है, सवर्ण समाज ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर उसका सामना किया है। उन्होंने कहा कि उद्योग, व्यापार, रोजगार सृजन और समाज सेवा के क्षेत्र में सवर्ण समाज की भूमिका उल्लेखनीय रही है, इसके बावजूद समाज को अपेक्षित सम्मान और अधिकार नहीं मिल पाए। इसका प्रमुख कारण समाज का संगठित न होना है। उन्होंने कहा कि एकता और संगठन से ही समाज अपनी शक्ति को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकता है। बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि सवर्ण महासभा के गठन का उद्देश्य समाज में समानता, समरसता और आपसी सद्भाव को सुदृढ़ करना है, ताकि समाज संगठित होकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ सके और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को और प्रभावी बना सके। उन्होंने कहा कि जातिगत विभाजन से समाज कमजोर होता है, जबकि आपसी भाईचारा और एकता से ही सामाजिक सौहार्द स्थापित होता है। कार्यक्रम में वैश्य शिरोमणि वीके अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में सवर्ण समाज के लिए एकजुट होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि समाज संगठित नहीं हुआ, तो इसका प्रभाव आने वाली पीढियों पर पड़ेगा। समाज को अपने अधिकारों और सम्मान के लिए लोकतांत्रिक एवं संगठित तरीके से अपनी बात रखनी होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सवर्ण महासभा समाज की आवाज बनने का कार्य करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवाराम त्यागी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सवर्ण समाज को जागरूक करना, सनातन संस्कृति की रक्षा करना और नागरिकों को उनके सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि सवर्ण केवल विचार नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारने योग्य संकल्प है। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना और संस्कारों का संवर्धन ही समाज की सुदृढ़ नींव है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक ईमानदारी, सेवा, सहयोग और अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, तभी समाज सशक्त बनता है। देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग का दायित्व है कि वह राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा में अपना योगदान दे। बैठक में सवर्ण महासभा के गठन के साथ ही विभिन्न पदों पर दायित्व सौंपे गए।

# नौवीं की छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र से शनिवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां नौवीं कक्षा में पढ़े वाली 14 वर्षीय छात्रा ने दूसरी मंजिल स्थित कमरे में पंखे से चुन्नी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी का शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। परम हंस विहार कॉलोनी निवासी किशनपाल यादव ऑटो चालक हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह वह रोज की तरह ऑटो चलाने के लिए घर से निकल गए थे। घर पर उनकी पत्नी दीपा, 14 वर्षीय पुत्री निधि और पुत्र तुषार मौजूद थे। निधि दिल्ली के गोकलपुरी स्थित सरकारी स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा थी। सुबह करीब दस बजे दीपा घर के निचले हिस्से में बनी दुकान पर चली गईं, जबकि दोनों बच्चे घर में ही खेल रहे थे। कुछ देर बाद जब बच्चे कमरे में पहुंचे तो निधि को चुन्नी के सहारे पंखे से लटका देख उनके होश उड़ गए। भाई ने शोर मचाया, आवाज सुनकर मां और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में किशोरी को नीचे उतारने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद पड़ोसियों ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस और किशोरी के पिता को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला सामने आया है, हालांकि किशोरी द्वारा ऐसा कदम उठाने के कारणों का अभी तक कोई स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# हाउस टैक्स में राहत, 15 फरवरी तक मिलेगा 20 प्रतिशत का लाभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नागरिकों को हाउस टैक्स के मोर्चे पर एक बार फिर राहत मिली है। मेयर सुनीता दयाल ने हाउस टैक्स में दी जा रही 20 प्रतिशत की छूट की समय सीमा को बढ़ाते हुए अब 15 फरवरी तक कर दिया है। इससे शहरवासियों को बढ़े हुए टैक्स बिलों के बीच आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। मेयर सुनीता दयाल ने बताया कि नागरिक निर्धारित अवधि के भीतर हाउस टैक्स जमा कर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को राहत देना है, ताकि वे बिना किसी अतिरिक्त दबाव के अपना टैक्स जमा कर सकें। उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद में हाउस टैक्स की दरों को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इस मामले में नगर निगम बोर्ड द्वारा बढ़ी हुई दरों को निरस्त किया जा चुका है, इसके बावजूद निगम की ओर से नागरिकों को बढ़ी हुई दरों के आधार पर ही टैक्स बिल भेजे जा रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर मामला वर्तमान में उच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है। ऐसे हालात में मेयर की ओर से हाउस टैक्स में छूट दिए जाने के फैसले को नागरिकों के हित में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# मिशन शक्ति 5.0: स्कूल में बच्चों और महिलाओं को जागरूक किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की सक्रिय और संवेदनशील भूमिका एक बार फिर सामने आई, जब मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के एक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त वेवसिटी प्रियाश्री पाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं, छात्रों और अभिभावकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। शनिवार को विश्व भारती पब्लिक स्कूल, क्रॉसिंग रिपब्लिक में आयोजित इस कार्यक्रम में एसीपी प्रियाश्री पाल के साथ थानाध्यक्ष क्रॉसिंग रिपब्लिक और मिशन शक्ति पुलिस टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर संवाद किया गया, वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आसान और प्रभावी ढंग से यह संदेश दिया गया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने की बजाय तुरंत सहायता लेनी चाहिए।

एसीपी प्रियाश्री पाल ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और महिला हेल्पलाइन 181 के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समय पर सही नंबर पर संपर्क करना ही सुरक्षा की पहली और सबसे अहम कड़ी है।

# लोक अदालत में पासपोर्ट आवेदकों को मिली त्वरित राहत, लंबित मामलों का हुआ समाधान

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में शनिवार को 'पासपोर्ट लोक अदालत' का सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत के माध्यम से पासपोर्ट से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से निस्तारण किया गया, जिससे बड़ी संख्या में आवेदकों को राहत मिली। लोक अदालत के दौरान क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप ने स्वयं आवेदकों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक मामले की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया। अधिकारियों और कर्मचारियों की समन्वित कार्यशैली के चलते कई समय से लंबित प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। आवेदकों ने लोक अदालत की व्यवस्था और कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से न केवल समय की बचत हुई, बल्कि उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय के चक्कर भी नहीं लगाने पड़े। पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किए गए निस्तारण ने आमजन में विभाग के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य नागरिकों को सरल, त्वरित और न्यायसंगत पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराना है। भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के माध्यम से आवेदकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान किया जाता रहेगा।

# अवैध कॉलोनियों पर गरजा प्राधिकरण का बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को मुरादनगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन-02 की टीम ने मुरादनगर के विभिन्न गांवों में लगभग 33 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध निर्माण कराने वालों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के तहत ग्राम सरना, पाइप लाइन रोड मुरादनगर में आजाद पुत्र कल्लू द्वारा लगभग 20 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा ग्राम जलालपुर, रघुनाथपुर पाइप लाइन रोड मुरादनगर में चतरपाल पुत्र नत्थू सिंह द्वारा करीब पांच बीघा तथा ग्राम बसंतपुर सैंतली, नवीपुर बंबा मुरादनगर में सुशील खारी द्वारा लगभग आठ बीघा क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के निर्माण को भी तोड़ा गया। प्राधिकरण की जांच में सामने आया कि इन सभी स्थानों पर सड़कों के लिए दीवारों का निर्माण, बाउंड्रीवॉल और साइट ऑफिस आदि का कार्य जारी था, जबकि कॉलोनी विकसित करने के संबंध में प्राधिकरण से किसी प्रकार की स्वीकृति से जुड़े कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए थे। इसके बाद प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों में बनाए गए सड़क ढांचे, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस सहित अन्य निमार्णों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय विकासकताओं और निर्माणकताओं की ओर से विरोध का प्रयास भी किया गया, लेकिन मौके पर मौजूद प्राधिकरण पुलिस बल और स्थानीय पुलिस की मदद से स्थिति को नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई निर्बाध रूप से जारी रखी गई।